दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



सोहला को प्रेजेंट कर रहीं सोनाली...



प्रेम कीटाणु में दिखी दोस्ती की झलक

वर्ष : 12 | अंक : 268 | लखनऊ, 24 सितम्बर, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### अगले साल पटरियों पर दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

नई दिल्ली। देश की पहली बुलेट ट्रेन को चलाने की तैयारियां जोर-शोर पर चल रही है। हाई स्पीड रेल



ट्रैक से लेकर स्टेशनों, ब्रिज और सुरंगों का काम युद्धस्तर पर जारी है। बुलेट ट्रेन जब फुल स्पीड में होगी, तो 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी और अगले साल इसकी शुरुआत होने वाली है। रेल मंत्रालय ने कन्फर्म कर दिया है। जल्द प्रयोग किया जाएगा।

### मेघालय में यूडीपी के 8 विधायक भाजपा में

शिलांग। मेघालय की राजनीति में बुधवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी



यानी यूडीपी के आठ विधायक भाजपा में शामिल हो गए। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा की मौजूदगी में इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ली।विधानसभा में भाजपा की संख्या 10 हो गई है।

### कर्नाटक में कांग्रेस विधायक का फिर इस्तीफा

बेंगलुरु। कर्नाटक के कांग्रेस विधायक यशवंतरायगौड़ा पाटील ने विजयपुरा के इंडी विधानसभा क्षेत्र



को सूखाग्रस्त घोषित नहीं करने से नाराज होकर विधानसभा अध्यक्ष जीएस पाटील को अपना इस्तीफा भेज दिया है। पाटील ने कहा कि वे लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं का जवाब देने में खुद को असमर्थ महसूस कर रहे हैं। दबाव बनाने वालों की चल रही है।

### बीएसपी के राष्ट्रीय संयोजक बने ईशान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष



मायावती ने अपने छोटे भतीजे ईशान आनंद को बड़ा प्रमोशन दिया है। मायावती ने ईशान को पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बना दिया है।लखनऊ में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर ईशान पर फैसला लिया है।

### नूंह में तेज रफ्तार ट्रक से 4 लोगों को रौंदा

नूंह। नूंह शहर में तावडू मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क



के पास खड़े 5 लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति सहित 3 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ट्रक चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

### निर्वाचन आयोग पर लग रहे आरोपों के बीच ममता का बड़ा हमला

# बंगाल में फिर कराओ चुनाव व ज्ञानेश को करो गिरफ्तार, मामला भी दर्ज किया जाए

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

भारतीय निर्वाचन आयोग पर लग रहे आरोपों के बीच पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी ने भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रदेश में 2026 के विधानसभा चुनाव को रद्द कर दोबारा चुनाव कराने की मांग की। साथ ही ज्ञानेश कुमार की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की भी मांग की है। ममता ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में हुए चुनाव और वोटर लिस्ट के एसआईआर में गड़बड़ी हुई। चुनाव प्रक्रिया समझौता की गई थी।भाजपा और ज्ञानेश कुमार मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने इसे 'जॉइंट वेंचर कंपनी' बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा और ज्ञानेश ने मिलकर बंगाल का चुनाव लूट लिया। अगर थोड़ी भी नैतिक शक्ति है तो हमारा चुनाव वापस कर दीजिए।

### आरोप: भाजपा और ज्ञानेश मिलकर काम कर रहे

#### ममता ने अपनी हार को एसआईआर से जोड़ा



ममत बेनर्जी

2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 294 सीटों में से 208 सीटें जीतीं और 147 सीटों के बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर गई। टीएमसी को 80 सीटें मिलीं। ममता ने इस हार को एसआईआर प्रक्रिया से जोड़ा। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया सत्ताधारी भाजपा के पक्ष में काम आई। उन्होंने आयोग पर आरोप लगाया कि आयोग ने चुनाव के दौरान उनकी पार्टी को बचाने की बजाय भाजपा को संरक्षण दिया। एसआईआर को उन्होंने 'सत्ताधारी पार्टी के लिए विशेष प्रोत्साहन' बताया। ममता ने कहा कि इस मुख्य चुनाव आयुक्त को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

#### ईसी का काम भाजपा के अहंकार को संतुष्ट करना

उन्होंने ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाया कि उनका एकमात्र काम भाजपा के अहंकार को संतुष्ट करना है। उनके दावे के अनुसार भाजपा ने 2024 का लोकसभा चुनाव और 2025-26 में हुए कई चुनाव ज्ञानेश कुमार की वजह से जीते।

#### विपक्ष के नेता बोले

### चुनाव दोबारा हों और गिरफ्तारी हो: केजरीवाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा



दावा किया है। प्रेस कांफ्रेंस के जरिए केजरीवाल ने ईसीआई ज्ञानेश कुमार के भ्रष्ट होने का दावा किया है और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है।

### चुनाव आयुक्त सही से नहीं कर पा रहे काम: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आयुक्त अपना काम



सही से नहीं कर पा रहे हैं। सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने कम से कम 14 बार आपत्तियां दर्ज कीं।

### चुनाव रद्द हों,सीईसी को तुरंत सस्पेंड करें



वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि पुराने चुनाव रद्द हों सीईसी ज्ञानेश कुमार को सस्पेंड किया जाना चाहिए।

### चुनाव आयोग के बचाव में भाजपा, सुनाई खरी-खरी

## हार-जीत का आंकड़ा पेश किया, विपक्ष हार का ठीकरा सीईसी पर फोड़ रहा

अब भाजपा ने चुनाव आयोग का बचाव किया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि अगर देश में चुनाव कराने वाले तीनों चुनाव आयुक्त आपस में बातचीत नहीं करते, विचारों का आदान-प्रदान नहीं करते, सलाह नहीं करते और केवल एक-दूसरे से सहमत होते रहते हैं तो विपक्षी दल कहते हैं 'यह तानाशाही' है। वे कहते हैं, इस सरकार ने इन तीनों को नियुक्त किया है और ये हर बात पर हां कह देते हैं>

#### विपक्ष धराशायी तो आयोग को जिम्मेदार बता रहा



पात्रा ने कहा कि विपक्ष ने हमारी संविधानिक संस्थाओं पर विपक्ष हमले करता है।उन्होंने कहा कि 2014 से ही विपक्ष धराशायी हो गया है। पात्रा ने कहा कि विचारों का आदान-प्रदान लोकतंत्र की निशानी है। एसआईआर पर सभी की एक राय थी। पात्रा ने कहा, जब से मोदी की सरकार बनी है, तब से विपक्षी पार्टी लगातार धराशाई होती रहीं।

#### बंगाल में जिन 20 सीटों पर सबसे ज्यादा वोट कटे, वहां टीएमसी जीती

पात्रा ने कहा कि विपक्षी दल हमारे ऊपर वोट चोरी के आरोप लगाते हैं. बंगाल में जिन 20 विधानसभा सीटों पर सबसे ज्यादा वोट कटे, उनमें 13 सीटों पर ममता जीतीं।

---

### टीएमसी के 20 बागी सांसदों का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी स्पीकर क्यों नहीं ले रहे फैसला?



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने वाली याचिकाएं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पास 3 महीने से लंबित पड़ी हुई हैं। सर्वोच्च अदालत में सुनवाई के दौरान स्पीकर के द्वारा अंतिम फैसला लेने में हो रही देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया और इसे चिंताजनक करार दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अयोग्यता की प्रक्रिया लंबित रहने के कई तरह के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 3 महीने का समय बीत चुका है और फैसला नहीं लिया गया है।

### सांसदों को बात रखने का मौका मिलना चाहिए: एसजी

टीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बेनर्जी ने कोर्ट को बताया कि स्पीकर ने 5 अगस्त को बागी सांसदों को नोटिस जारी कर 14 दिनों में जवाब मांगा था।



हालांकि, सांसदों द्वारा और वक्त मांगे जाने पर यह समय-सीमा 22 सितंबर तक बढ़ा दी गई और अब फिर से अतिरिक्त समय मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को अनिश्चितकाल के लिए लटकाया नहीं जा सकता। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत द्वारा कोई समय-सीमा तय किए जाने का विरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि अध्यक्ष एक संवैधानिक पद पर हैं और निष्पक्ष सुनवाई के लिए बागी सांसदों को अपनी बात रखने का पूरा मौका मिलना चाहिए।

### कोर्ट ने नहीं बांधी समय-सीमा

पीठ ने माना कि स्पीकर एक उच्च संवैधानिक पद है। हर मामले में अलग समय लग सकता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अदालत कोई कड़ा नियम नहीं थोप रही बल्कि स्पीकर को उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी की याद दिला रही है। अदालत ने फिलहाल फैसले के लिए कोई निश्चित डेडलाइन तय नहीं की है, लेकिन याचिका को खारिज करने के बजाय लंबित रखा है ताकि अध्यक्ष द्वारा की जा रही प्रगति की समीक्षा की जा सके। बागी सांसदों द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्ते का अतिरिक्त समय मांगे जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद तय की है।

---

इस अहम व्यवस्था लागू करने से होगा लाभ

# बार-बार संविधान पीठ बनाने की जरूरत खत्म हो, 5 सदस्यीय स्थाई बेंच बनाई जाए

### सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सीजेआई को दिया बड़ा सुझाव

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस दत्ता वाली बेंच ने भारत के मुख्य न्यायधीश से अहम व्यवस्था लागू करने पर विचार करने का अनुरोध किया है। बेंच ने सुझाव दिया है कि संविधान की व्याख्या से जुड़े अहम कानूनी सवालों के निपटारे के लिए 5 जजों की एक स्थाई संविधान पीठ बनाई जानी चाहिए। संविधान की व्याख्या से जुड़े सवालों को सुलझाने के लिए एक स्थायी बेंच बनाने की संभावना पर विचार करने का अनुरोध किया है। संविधान की व्याख्या से जुड़े कानून के महत्वपूर्ण सवालों पर सुनवाई के लिए कम से कम 5 जजों की पीठ आवश्यक होती है। फिलहाल ऐसी बेंच का गठन आवश्यकतानुसार सीजेआई द्वारा किया जाता है।

#### 22 मुख्य मामले और 175 मामले लंबित



अभी लागू व्यवस्था के तहत सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की पीठ से जुड़े 22 मुख्य मामले और उनसे संबंधित लगभग 175 मामले लंबित पड़े हैं। जजों के पास अलग-अलग रोस्टर और दैनिक मामलों की व्यस्तता के कारण संविधान पीठ का गठन बार-बार करना पड़ता है, सुनवाई में निरंतरता नहीं रह पाती।

#### स्थाई बेंच बनने से कई बदलाव होंगे

बेंच ने बताया कि संविधान की एक स्थाई बेंच बनने से संवैधानिक मामलों की सुनवाई बिना किसी रुकावट के लगातार हो सकेगी, मामलों का तेजी से निपटारा संभव होगा।

#### आकृति मामले में कहा

### डीएम मेधा को अलग नहीं कर सकते

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि स्टूडेंट एक्टिविस्ट आकृति चौधरी की



हिरासत के फैसले की प्रक्रिया से डीएम मेधा रूपम को अलग नहीं किया जा सकता। जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने यह कहा।

---

### बॉम्बे हाईकोर्ट का त्योहारी सीजन में अहम आदेश

भारी ध्वनि और वायु प्रदूषण पर कड़ी नाराजगी

# सड़कों पर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध और उत्सवों में डीजे-लेजर लाइट भी अनुचित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

त्योहारों के दौरान होने वाले भारी ध्वनि और वायु प्रदूषण पर कड़ी नाराजगी जताते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश जारी किया है। कोर्ट ने सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। गणेश उत्सव के दौरान आए इस फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक जुलूसों और आयोजनों में लाउडस्पीकर, डीजे और लेजर बीम का इस्तेमाल पूरी तरह से अनुचित है। कोर्ट ने कहा कि मुंबई जैसे शहर में सार्वजनिक सड़कों पर दिन हो या रात, किसी भी स्थिति में पटाखे फोड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह न केवल खतरनाक है, बल्कि इससे शहर में जहरीला प्रदूषण और धुंध फैलाती है, जो अब शुरू हो चुकी है।

### उत्सव में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

अदालत ने कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन होता है, तो इस राशि को जब्त कर लिया जाए, जिससे उल्लंघनकर्ताओं में



डर पैदा हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि कोर्ट किसी भी त्योहार या जश्न के खिलाफ नहीं है, लेकिन उत्सव नियमों के उल्लंघन और नागरिकों की सेहत या जान की कीमत पर नहीं हो सकते। धार्मिक भावनाओं और जनसुरक्षा के बीच संतुलन होना बेहद जरूरी है। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने टिप्पणी की, क्या इन सभी लाउडस्पीकरों और पटाखों का उपयोग करने से हमें भगवान का अतिरिक्त आशीर्वाद मिल जाएगा?

---

### भारत पहुंचा साल का पहला तूफान अर्नब, तबाही की चेतावनी

# 2 राज्यों में स्कूल बंद और अफसरों की छुट्टियां रद्द

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बंगाल की खाड़ी में मौसम बदल रहा है कि तूफान उठने की खबर है।यहां एक गहरे दबाव का क्षेत्र बन गया है। ताजा गतिविधियों का असर आंध्र प्रदेश और ओडिशा पर नजर आने लगा है। दोनों ही राज्यों में भारी बारिश की संभावनाएं जताई जा रहीं हैं। सिस्टम अभी गहरे दबाव की श्रेणी में है। माना जा रहा है कि यह चक्रवात अर्नब बन सकता है। सुरक्षा के मद्देनजर ओडिशा के कम से कम 7 जिलों में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। अधिकारियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं हैं।

## बंगाल की खाड़ी में मौसम का विकट रूप, बढ़ रहा आगे



#### आंधर में होगा सबसे ज्यादा असर

बुधवार को मौसम विभाग ने बताया है कि सिस्टम पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ सकता है।मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 23 सितंबर को रात में विशाखापत्तनम और गोपालपुर के बीच उत्तरी आंध्र प्रदेश दक्षिण ओडिशा को पार कर सकता है। इस सिस्टम से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य ओडिशा होगा, जिसके चलते कई हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं।

#### डीप डिप्रेशन ने बढ़ाई बेचैनी

इस मौसम सिस्टम के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की बहुत अधिक संभावना है। यह बुधवार, 23 सितंबर की रात तक विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) और गोपालपुर (ओडिशा) के बीच, कलिंगपट्टनम के पास से उत्तर आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तट को डीप डिप्रेशन के रूप में पार कर सकता है।

#### 6 घंटे में रफ्तार बढ़ गई

विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य और उससे जुड़े उत्तर-पश्चिम हिस्से में बना डीप डिप्रेशन पिछले छह घंटों में 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ा। सुबह 5:30 बजे यह सिस्टम इसी क्षेत्र में केंद्रित था। यह कलिंगपट्टनम से करीब 70 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, गोपालपुर से 150 किलोमीटर दक्षिण, विशाखापत्तनम से 150 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व और पुरी से 230 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम में था।

---

### राष्ट्रपति ने छात्रों को सेवा का बताया महत्व

# धन ही सब कुछ नहीं, देश व समाज के हित को रखें ऊपर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुजरात में महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा के 75वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मु ने



छात्रों से कहा कि वे अपने काम के क्षेत्र में देश और समाज के हितों को सबसे ऊपर रखें। इससे देश और समाज के साथ-साथ उनकी भी तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सही मायने में सार्थक होगी, जब इससे देश और समाज को लाभ होगा।

### एआई समाधान दे सकता है, पर सही सवाल पूछें

राष्ट्रपति ने उच्च शिक्षा में मल्टी-डिसिप्लिनरी अप्रोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), गरीबी उन्मूलन और लोकतंत्र जैसी जटिल समकालीन चुनौतियों का समाधान केवल अध्ययन के एक क्षेत्र से नहीं किया जा सकता। राष्ट्रपति यूनिवर्सिटी ज्ञान के कई क्षेत्रों में शिक्षा दे रही है। एआई से सही सवाल पूछना छात्रों की जिम्मेदारी है।

## गलत दिशा से आ रही कार ने सामने से कार में मारी टक्कर, तीन लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों किसान पथ पर गलत दिशा से आ रही किया कार ने इनोवा में सामने से टक्कर मार दी। जिससे इनोवा सवार तीन लोग घायल हो गए। इस मामले में बाराबंकी के बेलहरा निवासी सूरज कुमार ने सरोजनीनगर थाने में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूरज के मुताबिक 20 सितंबर को करीब 11:20 बजे वह अपनी इनोवा कार से परिवार और दोस्तों के साथ किसान पथ से कानपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से गलत दिशा में आ रही किया कार्नेस कार संख्या यूपी32क्यूएम1960 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से उनकी इनोवा में टक्कर मार दी। हादसे में गोंडा निवासी संजय सोनी के बाएं हाथ की हड्डी दो जगह टूट गई। वहीं मनकापुर निवासी मोनू सोनी के कंधे में फ्रैक्चर हुआ, जबकि राजकमल सोनी के सीने में गंभीर चोटें आईं। जबकि क्षतिग्रस्त इनोवा का एयरबैग खुलने से आगे बैठे लोगों की जान बच गई। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर हंसिया से हमला करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अनौरा गांव निवासी अंकुर रावत ने गांव के ही अन्नू रावत के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर पिता पर पर हंसिया से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकुर रावत के मुताबिक 21 सितंबर को शाम करीब चार बजे गांव के बाहर पूजा हो रही थी। जिसमें अंकुर के पिता महेन्द्र रावत भी मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर अन्नू पुत्र रामलाल अंकुर के पिता महेन्द्र रावत को गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गुस्से में आकर जान से मारने की धमकी दी और हंसिया से हमला कर दिया। इस हमले में महेन्द्र के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई। घटना के बाद अंकुर ने सरोजनीनगर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कार की टक्कर से टेंपो सवार युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए टेंपो सवार युवक के मामले में युवक की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमेठी जिले के जामों थाना क्षेत्र के पूरे गौरी शंकर दुबे मजरे राजा मऊ व वर्तमान समय सरोजनीनगर के गंगानगर निवासी महिला विमलेश के मुताबिक उसके पति मनीष कुमार द्विवेदी लखनऊ में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। महिला विमलेश का कहना है कि 30 अगस्त को मनीष टेंपो से सरोजनीनगर में गौरी चौराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार (यूपी32एलएच1402) के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में मनीष के बाएं पैर में घुटने के ऊपर मांस फटने के साथ हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें 108 एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

# प्लॉट विवाद में अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, सिर फटा

## पुलिस के सामने चलता रहा निर्माण, विरोध पर सरिया-लाठी और धारदार हथियार से हमला

### बार एसोसिएशन के प्रदर्शन के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। अतरौली गांव में प्लॉट पर निर्माण को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को हिंसक संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि दबंगों ने अधिवक्ता सचिन तिवारी और उनके साथ मौजूद युवक पर सरिया, लाठी, ईंट व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अधिवक्ता का सिर फट गया, जबकि दूसरा युवक भी घायल हो गया। घटना के बाद मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। अधिवक्ताओं के विरोध के बाद पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अतरौली निवासी रमेशचंद्र द्विवेदी के अनुसार, उनकी भौजाई तपेश्वरी पत्नी प्रेम कुमार द्विवेदी के नाम घर के सामने स्थित प्लॉट पर बुधवार को अजीत कुमार अपने पुत्र और छह-सात लोगों के साथ निर्माण करा रहा था। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। रमेशचंद्र ने डायल-112 पर सूचना दी। आरोप है कि पुलिस उन्हें थाने ले आई, लेकिन विवादित स्थल पर निर्माण कार्य नहीं रुकवाया गया। इसी दौरान मौके पर मौजूद उनके दामाद अधिवक्ता सचिन तिवारी और नौकर नरेश ने निर्माण का विरोध किया तो अजीत कुमार, सुधीर लोधी, नरेंद्र लोधी, अमित तिवारी, धर्मेंद्र लोधी समेत अन्य लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सरिया लाठी, ईंट और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए हमले में अधिवक्ता सचिन तिवारी का सिर फट गया, जबकि नरेश भी घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री राम लखन यादव, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवीर सिंह, अधिवक्ता अमरेंद्र सिंह, शिव अटल सिंह, ऋषि द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता कोतवाली पहुंच गए अधिवक्ताओं ने पुलिस पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध जताया और आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। विरोध बढ़ने पर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अजीत कुमार, सुधीर लोधी, नरेंद्र लोधी, अमित तिवारी, धर्मेंद्र लोधी समेत अन्य नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि डायल-112 पर सूचना देने के बावजूद पुलिस विवादित स्थल पर निर्माण कार्य नहीं रुकवा सकी। पुलिस के थाने ले जाने के बाद भी निर्माण जारी रहा और इसी दौरान विरोध करने पर हमला हुआ। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और लापरवाही के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

## चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित गहने और कीमती सामान किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर साढ़े पांच लाख रुपये की नगदी सहित लाखों रुपये के गहने और कीमती सामान चोरी कर लिये। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के आजाद विहार फेस -2 कॉलोनी निवासी उदयवीर सिंह के मुताबिक वह 19 सितंबर को परिवार के साथ मकान में ताला लगाकर बनारस गए थे। उदयवीर का कहना है कि मोबाइल पर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का लोकेशन नहीं मिलने पर उसने पड़ोसी को मकान देखने के लिए भेजा। तब वहां पहुंचे पड़ोसी ने दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। इसके बाद साली पारुल और अनुभा सिंह को घर भेजा। तब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा और घर में चोरी होने की बात बताई।इसके बाद उदयवीर ने परिवार के साथ लौटकर देखा तो चांदी के बर्तन, सोने की दो जंजीर, दो ब्रेसलेट, करीब साढ़े पांच लाख रुपये नकद और सीसीटीवी कैमरे का एनवीआर गायब था।

## इंटर कॉलेज की छात्राओं को माहवारी स्वच्छता की दी जानकारी




अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बाबू सुंदर सिंह कॉलेज ऑफ फामेर्सी निगोहां की ओर से बाबू सुंदर सिंह फाउंडेशन के सहयोग से इंटर कॉलेज की छात्राओं के लिए माहवारी एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में फामेर्सी के विद्यार्थियों ने छात्राओं को मासिक धर्म चक्र व्यक्तिगत स्वच्छता, सैनिटरी पैड के सही उपयोग व सुरक्षित निस्तारण, संतुलित आहार तथा पर्याप्त पानी के सेवन के महत्व की जानकारी दी उन्होंने माहवारी को एक प्राकृतिक प्रक्रिया बताते हुए इससे जुड़ी भ्रांतियों और झिझक को दूर करने पर जोर दिया छात्राओं के प्रश्नों के वैज्ञानिक तरीके से उत्तर देते हुए किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या पर अभिभावकों शिक्षकों या चिकित्सकों से खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया उधर फामेर्सी डे के अवसर पर कॉलेज परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी और स्वास्थ्य जागरूकता प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम डायरेक्टर जनरल डॉ. के.के. सिंह, डायरेक्टर डॉ. आलोक कुमार शुक्ला तथा डीन फामेर्सी डॉ. नीरज सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## तेज कंटेनर डिवाइडर पर चढ़ा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एनएचएआई और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा होते-होते बच गया। दोपहर करीब 12 बजे कानपुर रोड पर कानपुर की ओर से तेज रफ्तार कंटेनर सरोजनीनगर की तरफ आ रहा था। दरोगा खेड़ा में नो एंट्री के चलते बड़े वाहनों को रोकने के लिए तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने अचानक चालक को किसान पथ की ओर जाने का इशारा किया।पुलिसकर्मियों का इशारा होते देख चालक ने कंटेनर को किसान पथ पर जाने के लिए तेजी से बाईं ओर मोड़ दिया। हालांकि वाहन पूरी तरह किसान पथ की ओर नहीं मुड़ सका और कानपुर रोड व किसान पथ के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी इधर-उधर भागने लगे। वहीं कंटेनर की चपेट में आने से स्कूटर इंडिया चौराहे की ओर कानपुर रोड पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगाया गया लोहे का एक बैरियर भी क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में दो क्रेन की मदद से कंटेनर को हटाया गया। इस दौरान यहां कानपुर से लखनऊ आने वाली कानपुर रोड की पटरी पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएचएआई और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण यहां आए दिन ऐसी स्थिति बनती है। उनका कहना है कि नो एंट्री से काफी पहले न तो भारी वाहनों के लिए पर्याप्त चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं और न ही स्पीड लिमिट बोर्ड व रंबल स्ट्रिप बनाई गई है। उनका कहना है कि अचानक मोड़ने का इशारा मिलने से तेज रफ्तार भारी वाहनों के चालक हड़बड़ा जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

## हुनर को कारोबार में बदलने का मिला मंत्र



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पाण्डेय कॉम्प्लेक्स, मोहनलालगंज में चल रहे 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता एवं स्वरोजगार के गुर सिखाए गए मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ द्वारा जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण में बालिकाओं एवं महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन, मुख्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी हुनर को सफल व्यवसाय में बदलने के लिए तकनीकी दक्षता के साथ बाजार की मांग, ग्राहकों की जरूरत, वित्तीय प्रबंधन और बेहतर योजना की समझ होना बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को छोटे स्तर से स्वरोजगार शुरू कर अनुभव के साथ अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार ने कहा कि आज के दौर में हुनर तभी सार्थक है, जब उसे उद्यमिता की सोच से जोड़ा जाए। उन्होंने महिलाओं से आत्मविश्वास के साथ स्वरोजगार अपनाने और अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का आह्वान किया। प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के साथ व्यवसाय शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने की जानकारी मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है तथा भविष्य में स्वयं का रोजगार स्थापित करने की राह अधिक स्पष्ट हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से सोमवार को एक 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद किशोरी के पिता ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर बेटी को ले जाने की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी अनुष्का कक्षा नौ पास है। वह अपने मोबाइल फोन से इंस्टाग्राम पर 'घनश्याम कुमार' नाम की आईडी के संपर्क में थी। किशोरी के पिता का कहना है कि 21 सितंबर को वह काम पर गए थे। तभी दोपहर करीब तीन बजे उसकी बेटी बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। शाम को काम से लौटने पर किशोरी के पिता ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चला। परिजनों ने आशंका जताई कि इंस्टाग्राम आईडी संचालित करने वाला घनश्याम कुमार नामक युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। फिलहाल पुलिस रिपोर्टदर्ज कर युवक के मोबाइल नंबर के आधार पर किशोरी और संदिग्ध युवक की तलाश कर रही है।

## कार की टक्कर से टेंपो सवार युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए टेंपो सवार युवक के मामले में युवक की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमेठी जिले के जामों थाना क्षेत्र के पूरे गौरी शंकर दुबे मजरे राजा मऊ व वर्तमान समय सरोजनीनगर के गंगानगर निवासी महिला विमलेश के मुताबिक उसके पति मनीष कुमार द्विवेदी लखनऊ में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। महिला विमलेश का कहना है कि 30 अगस्त को मनीष टेंपो से सरोजनीनगर में गौरी चौराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार (यूपी32एलएच1402) के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टेंपो में टक्कर मार दी।

## अपनी ही जमीन की बाउंड्रीवाल बनवाने को दर-दर भटका आर्मी जवान डीसीपी से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। डेहवा गांव के मजरा नेवलखेड़ा निवासी भारतीय सेना के जवान अजय कुमार यादव ने अपनी ही जमीन की बाउंड्रीवाल दोबारा बनवाने में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए डीसीपी दक्षिणी से कार्रवाई की मांग की शिकायत के साथ उन्होंने राजस्व अभिलेख और राजस्व टीम की आख्या भी सौंपी अजय कुमार के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2024 में गाटा संख्या 283 की भूमि का बैनामा कराया था और उसी वर्ष बाउंड्रीवाल बनवाई थी हाल की बारिश में दीवार का एक हिस्सा ढह जाने पर उनकी अनुपस्थिति में पत्नी मंजरी सिंह यादव दोबारा निर्माण करा रही थीं आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग मौके पर पहुंचे, निर्माण रुकवाया और धमकी दी जवान का कहना है कि संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है तथा विरोध करने वालों का उससे कोई खातेदारी संबंध नहीं उधर, एसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में न्यायालय के आदेश और दोनों पक्षों के तथ्यों के आधार पर ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त तहसीलदार का किया स्वागत



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री राम सिंह यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बुधवार को नवनियुक्त तहसीलदार नितेश सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए न्यायिक एवं राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में बेहतर समन्वय की अपेक्षा जताई। तहसीलदार नितेश सिंह ने अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में नियमानुसार कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिवक्ताओं से प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने की अपील की। इस दौरान तहसील परिसर में सौहार्दपूर्ण माहौल रहा। अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त तहसीलदार के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अधिवक्ता फरीद, अलीशान, नमन प्रताप सिंह, रिलेश यादव, संजीत यादव, संदीप, देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 24 घंटे के भीतर खुलासा, अल्टीनेटर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने दुकान से अल्टीनेटर चोरी करने के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया अल्टीनेटर भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित एल्डिको उद्यान-2 निवासी गौरव चौहान ने 22 सितंबर को बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनकी बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित दुकान से अल्टीनेटर चोरी कर ले गये हैं। पुलिस का कहना है कि गौरव चौहान की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई। इस दौरान पुलिस टीमों ने करीब 50 से 60 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ तकनीकी व अन्य साक्ष्यों के अलावा मुखबिर की मदद से दो युवकों को बुधवार तड़के थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवकों ने अपना नाम मूल रूप से मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले स्थित बरगवां थाना अंतर्गत बड़ोखर व वर्तमान में आशियाना के तोंदे खेड़ा स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास झोपड़पट्टी में रहने वाला शिव कुमार बासोर (27) और यहीं का अर्जुन बासोर (20) बताया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और अपनी नशे की लत व खर्च चलाने के लिए चोरी करते हैं। उन्होंने बताया कि अनूपखेड़ा अंडरपास के पास दुकान के बाहर रखे जनरेटर से अल्टीनेटर चोरी कर उसे पास के जंगल में छिपा दिया था। वहीं पुलिस ने बताया कि दोनों उसे बेचने की फिराक में थे, तभी गिरफ्तार कर लिए गए। फिलहाल पुलिस ने बरामद अल्टीनेटर कब्जे में लेकर दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया है।

## चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित गहने और कीमती सामान किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर साढ़े पांच लाख रुपये की नगदी सहित लाखों रुपये के गहने और कीमती सामान चोरी कर लिये। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के आजाद विहार फेस -2 कॉलोनी निवासी उदयवीर सिंह के मुताबिक वह 19 सितंबर को परिवार के साथ मकान में ताला लगाकर बनारस गए थे। उदयवीर का कहना है कि मोबाइल पर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का लोकेशन नहीं मिलने पर उसने पड़ोसी को मकान देखने के लिए भेजा। तब वहां पहुंचे पड़ोसी ने दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। इसके बाद साली पारुल और अनुभा सिंह को घर भेजा। तब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा और घर में चोरी होने की बात बताई।इसके बाद उदयवीर ने परिवार के साथ लौटकर देखा तो चांदी के बर्तन, सोने की दो जंजीर, दो ब्रेसलेट, करीब साढ़े पांच लाख रुपये नकद और सीसीटीवी कैमरे का एनवीआर गायब था। बाद में सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर पता चला कि 21/22 सितंबर की रात करीब दो से ढाई बजे के बीच अज्ञात चोरों ने मकान में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से सोमवार को एक 15 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद किशोरी के चचेरे भाई ने दो युवकों पर बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर उसे भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से देवरिया जिले के खामपार थाना अंतर्गत व वर्तमान समय आशियाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक उसकी चचेरी बहन 21 सितंबर की सुबह करीब सात बजे शांतिनगर स्थित किराये के कमरे से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन नियमित समय पर वापस नहीं लौटी। तब परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसी दौरान देवरिया निवासी सुमित यादव ने फोन कर बताया कि उसने किशोरी को चारबाग रेलवे स्टेशन पर देखा था। आरोप है कि वहां से वह गोरखपुर जाने वाली ट्रेन में बैठी, जहां उसे सुमित यादव ने खामपार थानान्तर्गत रवि यादव को सौंप दिया।

परिजनों का आरोप है कि रवि यादव किशोरी को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से किशोरी और आरोपी की तलाश कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे हेयर कटिंग संचालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात सड़क पार कर रहे एक हेयर कटिंग दुकान संचालक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनीनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत पाठकपुर निवासी बबलू (45) बंथरा क्षेत्र के कटी बगिया में ही ज्यादातर रहकर वहीं हेयर कटिंग की दुकान चलाते थे। बुधवार रात करीब 8:30 बजे वह अपनी दुकान के पास बनी - मोहान रोड पर पैदल सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बबलू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस के जरिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन वहाँ पहुचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। बबलू के छोटे भाई मनोज ने बताया बबलू की पत्नी 12 साल से अपने 2 बच्चों के साथ मायके में रह रही है और बबलू ज्यादातर दुकान पर ही रहते थे। वहीं मृतक के परिवार में पिता अंजनी कुमार व मां नन्हकई के अलावा चार भाई हैं।

## बिजनौर पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार, डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के कटरा मोहल्ला निवासी सुरेश कुमार ने मोहल्ले के ही फैसल उर्फ फैजल के खिलाफ 22 सितंबर को अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और पीड़ित सुरेश की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि फैसल उर्फ फैजल को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह नशे का आदी है और चोरी कर सामान बेचकर नशे व अपना खर्च चलाता है। उसने बताया कि वह चोरी की बाइक भी बेचने जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बिजनौर पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सरोजनीनगर और बिजनौर थाने में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में पहले से नौ मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने चोरी गई बाइक बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को उसे जेल भेज दिया है।

## संक्षेप

### खड़े डंपर में पीछे से घुसा कंटेनर चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत उन्नाव-लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल्याणपुर प्रथम गांव के सामने बुधवार रात रोड किनारे खड़े एक डंपर में पीछे से आ रहे लौंग के तेल से भरे कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस की मदद से घायल चालक को तुरंत सौ बेड शैय्या अस्पताल बीघापुर ले जाया गया। वहां चालक की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया घायल चालक की पहचान 34 वर्षीय दीपक कुमार मंडल पुत्र मदन मंडल, निवासी अररिया प्रान्त बिहार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कंटेनर गुवाहाटी से लौंग का तेल लादकर इंदौर की तरफ जा रहा था, तभी कल्याणपुर गांव के पास यह हादसा हो गया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### घर के दरवाजे पर चढ़कर युवक से मारपीट, सगे भाइयों और भानजों पर जानलेवा हमले का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम बदनखेड़ा मनिकापुर निवासी सूर्यभान साहू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे उनके भाई राम बाबू साहू व रामपाल साहू पुत्रगण रामरतन साहू तथा भानजे रोहित साहू व सोहित साहू पुत्रगण राम नरेश साहू उनके दरवाजे पर आए। आरोप है कि चारों ने आते ही गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं और पीड़ित को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों, डंडों व ढेलों से जमकर पीटा। इस हमले में सूर्यभान को काफी अंदरूनी चोटें आई हैं। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### खेत के विवाद में महिला और उसकी बेटी पर लाठी-डंडों से हमला, मामला दर्ज

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम ढोलबजा मजरा बिहार निवासिनी ज्योतिमा पत्नी राजू ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जब वह खेत से घर लौट रही थीं, तो उनके ही परिजनों ने उन पर और उनकी बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया।पीड़िता के अनुसार, शनिवार शाम करीब 6 बजे खेत से लौटते समय उनकी देवरानी रामरानी पत्नी संजय, ननद श्यामा और ननद के लड़के मंटू ने लाठी-डंडों से उन पर व उनकी बेटी गायत्री पर हमला कर दिया। हमले में उनकी बेटी का सिर फट गया, जिससे काफी खून बहने लगा, और हाथ में भी काटा गया। आरोप है कि विपक्षी पूरे खेत पर कब्जा करना चाहते हैं और हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## उर्स-ए-गौस-ए-आजम बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर की प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक सूफी दरगाह खानकाह-ए-आलिया कादरिया यासीनिया में बुधवार को उर्स-ए-गौस-ए-आजम बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स के अवसर पर दरगाह में दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में मुरीदों, अकीदतमंदों और जायरीनों ने शिरकत की। पीरजादा सैयद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां साहब की सरपरस्ती एवं जेरे निगरानी में सुबह करीब 9 बजे मजार-ए-पाक हजरत गुलजार शाह रहमतुल्लाह अलैह का गुस्ल कराया गया। इसके बाद दरगाह में मौजूद निशाने कादरिया की परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। धार्मिक रस्मों के दौरान अकीदतमंदों ने पूरी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज



कराई। इसके पश्चात महफिल-ए-समा और कुल शरीफ का आयोजन हुआ। महफिल में सूफियाना कलाम और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को रूहानी बनाया गया। अकीदतमंदों ने बड़ी श्रद्धा के साथ महफिल में हिस्सा लिया और बुजुर्गों की शिक्षाओं को याद किया। बाद नमाज-ए-जोहर लंगर-ए-कादरिया का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। आयोजन के दौरान आने वाले जायरीनों और अकीदतमंदों की सेवा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। वहीं, बाद नमाज-ए-इशा महफिल-ए-समा एवं कुल शरीफ का पुनः आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विशेष दुआ कराई गई। दुआ में देश और प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की, आपसी भाईचारे और सद्भाव के लिए विशेष रूप से प्रार्थना की गई। लोगों ने मुल्क में शांति और समाज में आपसी प्रेम एवं सौहार्द कायम रहने की दुआ की। उर्स के दौरान खानकाह परिसर में अकीदतमंदों की काफी भीड़ रही। दूर-दराज से पहुंचे जायरीनों ने दरगाह पर हाजिरी देकर फातिहा पढ़ी और अपनी मुरादों के लिए दुआ की। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक एवं रूहानी माहौल बना रहा। इस अवसर पर पीरजादा सैयद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां साहब, मौलाना मुबीन, मौलाना जीशान, मौलाना जियाउल हक, मौलाना गुलाम नबी, हाफिज दिलशाद, हाफिज सज्जाद बरकाती, हाफिज युसूफ मलिक, हाफिज सरताज, हाफिज फरहान, हाफिज जावेद अली, समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित बड़ी संख्या में मुरीद, अकीदतमंद एवं जायरीन मौजूद रहे। उर्स के सफल आयोजन में खानकाह से जुड़े लोगों एवं सेवादारों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने बुजुर्गों की तालीम और उनके बताए रास्ते पर चलने तथा समाज में प्रेम, भाईचारा और इंसानियत को बढ़ावा देने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ किया गया मूर्तियों का विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के भगवंतनगर कस्बे में गणेश उत्सव का भव्य समापन अत्यंत भक्तिभाव, उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के गूंजते जयकारों के बीच क्षेत्र की प्रसिद्ध गजरेश्वर मंदिर झील में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

गणेश विसर्जन शोभायात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र गजानन के रंग में रंगा नजर आया। इस दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र भगवंत नगर कस्बे के वार्ड नंबर 10 सदर बाजार सराफा मंडी की गणेश प्रतिमा रही, जहाँ से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु और ट्रैक्टर-ट्रालियों व पिकअप गाड़ियों में सजाकर लाई गई भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं



आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं।

झांकियों में बच्चों, युवाओं और महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ गुलाल उड़ाते हुए और अबीर लगाते हुए झील की ओर बढ़े। रास्ते में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों और समितियों द्वारा प्रसाद व भंडारे का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा के मार्ग में भक्तों ने श्रद्धालुओं को हलवा, पूरी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया।

गजरेश्वर मंदिर झील में भगवंत नगर क्षेत्र के अनेक गांवों से लाई गई प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। इसके साथ ही पड़ोसी रायबरेली जिले की सीमा से सटे कई गांवों के ग्रामीण भी अपनी गणेश प्रतिमाएं लेकर यहाँ पहुंचे और पूरी निष्ठा व परंपरा के साथ विसर्जन संपन्न कराया।

## एफ एल एन प्रशिक्षण का बीएसए ने किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खण्ड असोहा के बीआरसी केंद्र में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण का बीएसए उन्नाव ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु शिक्षकों की कम उपस्थिति देख प्रशिक्षण दाताओं की जमकर क्लास ली, हांलांकि निरीक्षण के दौरान ही प्रशिक्षु शिक्षक धीरे धीरे उपस्थित हो गये। देर से आने का कारण पूछने पर शिक्षकों ने बताया कि बारिश और रास्ते में जाम की वजह से थोड़ा विलम्ब हो गया है। बीएस ए शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने विलम्ब से उपस्थित हुए शिक्षकों को समय पालन की कड़ी नसीहत देते हुए लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण दाताओं को सुचारू रूप से स्टेशनरी सहित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान परवीन कुमार ,मनोज पटेल



, अन्नपूर्णा दीक्षित रामकरण मौर्य , हरिकिशोर मिश्र आदि शिक्षक मौजूद रहे। असोहा पहुंचने से पूर्व लाला खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय बखारी हार का औचक निरीक्षण किया ,निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सिर्फ शिक्षा मित्र राम मूर्ति उपस्थित पाए गए प्रधान अध्यापिका अंजू सिंह बिना सूचना अनुपस्थित मिली वही सहायक अध्यपक सूरज कुमार भी अनुपस्थित मिले ।इसके साथ इस्लामनगर के प्राथमिक विद्यालय ,शेरशहाखेड़ा प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया ,सूत्रों की माने तो लगभग तीन दर्जन से अधिक शिक्षकों से स्पस्टीकरण मांगा गया

## अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित सभागार में सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी बीघापुर द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जॉनसन मूक-बधिर पब्लिक इंस्टीट्यूट के प्रबंधक आर. सेल जैसल एवं प्रधानाचार्य विश्व ज्योति के नेतृत्व में विशेष शिक्षक दीप कमल सिंह, पूनम देवी, सत्यम दीक्षित एवं रितु सिंह तथा संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को



मूक-बधिर एवं विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों से संवाद स्थापित करने तथा थाने पर आने वाले ऐसे व्यक्तियों की बात एवं आवश्यकताओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से समझने के लिए प्रशिक्षित करना रहा। प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न संकेतों का प्रायोगिक प्रदर्शन एवं अभ्यास कराया गया तथा स्कूल के श्री राम समुझ राम जैसल प्रबंधक विश्व ज्योति भारती प्राधानाचार्य दीप कमल सिंह शिक्षक सत्यम दीक्षित रीतू सिंह अविनभ प्रजापति, अनंत पाण्डेय, राजतिलक शिवम, स्वाती कुरील को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव, प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं हे0का0 दिव्या अवस्थी द्वारा किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक नेक मोहम्मद, विमलेश शुक्ला, प्रदीप मौर्या तथा आरक्षी संयोगिता शुक्ला, कोमल शर्मा, वेलफेयर शाखा से अजय व अजय यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने आये हुए प्रशिक्षकों का आभार प्रकट किया और विभिन्न थानो? से आये हुए कर्मचारियों को इस कार्यशाला का प्रशिक्षक कराया गया।

## बीईओ का शिक्षकों ने उत्साह के साथ मनाया जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। परियर में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) मनींद्र कुमार का जन्मदिन उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया। इस दौरान शिक्षकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षा की महत्ता और समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर भी चर्चा हुई।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए बीईओ मनींद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। समाज के विकास और नई पीढ़ी के बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की जिम्मेदारी सबसे बड़ी है। शिक्षक अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजीव सँखवार और जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि शिक्षक केवल बच्चों को शिक्षित ही नहीं करते, बल्कि समाज को सही दिशा देकर उसे आगे बढ़ाने का काम भी करते हैं। शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और समर्पण से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

इस अवसर पर शिक्षकों ने आपसी सौहार्द और शिक्षा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम में संजीव सँखवार, अमित तिवारी, राजवीर यादव, सौरभ वैश्य, पवन कुमार, सुधीर कुशवाहा, देवेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## आयोजित हुआ सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, सफाई कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पंचायत कार्यालय गंज मुरादाबाद परिसर में सोमवार को ₹सफाई मित्र सुरक्षा शिविर₹ का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता की रीढ़ माने जाने वाले सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करना और उन्हें कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मचारियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने कर्मचारियों की ब्लड प्रेशर (रक्तचाप), शुगर (मधुमेह), सामान्य शारीरिक फिटनेस और आंखों की सामान्य जांच की। परीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों को छोटी-मोटी



स्वास्थ्य समस्याएं पाई गईं, जिन्हें मौके पर ही मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं और उचित परामर्श दिया गया।? स्वास्थ्य टीम ने समझाया कि नालियों और कचरे के बीच काम करते समय संक्रमण का खतरा रहता है, इसलिए सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना बेहद आवश्यक है। ?इसके अलावा, उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, समय-समय पर हाथ धोने और किसी भी स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की हिदायत दी गई। ?नगर पंचायत द्वारा बताया गया कि शासन के मंशानुरूप सफाई मित्रों का स्वास्थ्य और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से कर्मचारियों को यह अहसास होता है कि प्रशासन उनके स्वास्थ्य को लेकर कितना गंभीर है। ?इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ही सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, इकलौता चिराग बुझा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत देर शाम लखनऊ-कानपुएक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान तौरा गांव निवासी शिवम यादव (26) पुत्र उमाशंकर यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शिवम देर शाम दोस्तों के साथ एक्सप्रेसवे पर घूमने गया था, जहां तेज रफ्तार का शिकार हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक अक्सर दोस्तों के संग एक्सप्रेसवे पर घूमने जाता था। शिवम अपने घर का इकलौता चिराग था, उसकी दो बड़ी बहनों सपना और सोनी की पहले ही शादी हो चुकी है। बेटे की मौत से पिता उमाशंकर, मां रूपा और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



कोतवाल भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि मृतक सड़क हादसे का शिकार हुआ है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पैतृक गांव में धूमधाम से मनाई गई साहित्यकार की जयंती

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज भारतेंदु युग के प्रमुख स्तंभकार,अमर कवि एवं साहित्यकार पंडित प्रताप नारायण मिश्र का 171 वा जन्म दिवस समारोह आज बुधवार 24 सितंबर को उनके पैतृक गांव बेथर में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले कवि,मनीषी, संभ्रांत नागरिकों, राजनेताओं का हुजूम उमड़ेगा। 24 सितंबर 1856 को जन्मे पंडित प्रताप नारायण मिश्र का जन्म जिला मुख्यालय से 18 किमी दूर उन्नाव लालगंज मार्ग स्थित बेथर गांव में हुआ था इनके पिता पंडित संकटा प्रसाद मिश्र थे भारतेंदु हरिश्चंद्र की परंपरा को जारी रखने हुए मिश्र जी ने आर्थिक कठिनाइयों के बाद भी मार्च 1883 में ब्राह्मण नामक एक मासिक पत्र प्रकाशित करना शुरू किया। वह घाटा सहकर भी 7 वर्षों तक ब्राम्हण का निरंतर प्रकाशन करते रहे। इसके बाद प्रकाशन का दायित्व खड्गविलास प्रेस बांकीपुर के मालिक बाबू रामदीन सिंह को सौंप दिया।पंडित प्रताप नारायण मिश्र हिंदी के बहुत बड़े हिमायती थे। अपने मासिक पत्र ब्राह्मण में हिंदी हिन्दू हिंदुस्तान की हिमायत करते रहे। इनके नाम पर बेथर गांव में एक प्रताप उद्यान बना है जिसमें मिश्र की प्रतिमा स्थापित है। प्रतिवर्ष यहां जलसा होता है श्रद्धांजलि सभा में खेलकुंड प्रतियोगिता, आल्हा गायन,विकास प्रदर्शनी,स्वास्थ्य शिविर लगते आ रहे है।कार्यक्रम के आयोजक हरि सहाय मिश्र मदन बताते है कि जयंती समारोह में कई मंत्री और राजनेता शामिल हो रहे है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, ट्रेन की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के गौरा कटरा गांव के पास बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कराई। शुरूआती जांच में सामने आया कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।

मृतक की पहचान गौरा कटरा निवासी पिंटू (35) पुत्र मुन्नेलाल के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि पिंटू अपने दो भाइयों और चार बहनों में सबसे बड़ा था। वह मजदूरी करके अपने परिवार का गुजारा करता था। उसकी तीन छोटी बेटियां हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

ग्रामीण बजरंग सिंह ने बताया कि पिंटू मंगलवार रात गांव में अल्ट्राटेक की सीमेंट साइट पर सीमेंट की बोरियां उतारने गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिवार के लोग रातभर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास उसका शव मिला।

ग्रामीणों के अनुसार पिंटू रेलवे ट्रैक के पास शौच के लिए जा रहा था। इसी दौरान वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। यह हादसा रात में हुआ था, इसलिए इसकी जानकारी सुबह ही मिल पाई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बजरंग सिंह ने बताया कि पिंटू की तीनों बेटियां बहुत छोटी हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। उन्होंने सरकार से नियमानुसार आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि बेटियों की पढ़ाई और भविष्य में कुछ मदद मिल सके। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और हादसे की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

## जर्जर उच्च प्राथमिक विद्यालय में गिर रहा प्लास्टर, मौत के साये में पढ़ाई करने को मजबूर नौनिहाल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकास खंड हिलौली बीआरसी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पारा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय की बिल्डिंग बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। विद्यालय भवन की छत का प्लास्टर बड़े हिस्से में टूटकर नीचे गिर रहा है, जिससे स्कूल में पढ़ने वाले मासूम छात्र-छात्राओं की जान पर हर वक्त बड़ा खतरा मंडरा रहा है। स्थिति इतनी भयावह है कि इसी जर्जर और खतरनाक छत के नीचे बच्चे बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं, जिससे कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। प्रशासनिक कागजी कार्रवाई और पत्राचार के बीच मासूम बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है। ग्रामीणों और अभिभावकों में शिक्षा विभाग की इस लापरवाही के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। अब देखना यह होगा कि शासन स्तर से इस जर्जर भवन की सुधि कब ली जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने बताया कि इस गंभीर खतरे को लेकर संबंधित अधिकारियों को पहले ही प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस पूरे मामले पर जब खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में ले लिया गया है और इस संबंध में पत्र शासन को सौंप दिया गया है।

## वायरल बुखार से कक्षा एक के छात्र की मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अलावलपुर निवासी धर्मेंद्र वर्मा के सात वर्षीय पुत्र अनेक वर्मा की वायरल बुखार की चपेट में आने से मौत हो गई। अनेक वर्मालोटस कान्वेंट स्कूल छांछीराईखेडा सुमेरपुर मे कक्षा एक का छात्र था। दिवंगत की एक छोटी बहन के साथ वह अपने घर का इकलौता चिराग था। पिता धर्मेंद्र खेती का कार्य करते है जबकि माँ उमा देवी ग्रहणी है। मासूम की मौत की जानकारी पर लोटस कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या डांक्टर स्वाती बाजपेई, निदेशक अशोक पांडेय, प्रबंधक मनोज पांडेय, अमित शुक्ला, शैलेन्द्र अवस्थी, रामजी, मौसम, अनूप सिंह समेत विद्यालय के शिक्षक घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की । वहीं गांव के समाजसेवी मुन्ना सिंह और प्रधान प्रतिनिधि दीपक सिंह समेत अन्य लोगों ने भी पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त की। विद्यालय परिसर में शोकसभा कर अवकाश कर दिया गया।

## थाने में सालों से जमे सिपाही, शासन की तबादला नीति की अनदेखी

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की स्पष्ट नीति और पुलिस महानिदेशक के सख्त दिशा-निर्देशों के बावजूद मौरावां थाने में कई सिपाही सालों से एक ही जगह जमे हुए हैं। शासन की मंशा है कि थानों में पारदर्शिता बनी रहे, भाई-भतीजावाद और सांठगांठ खत्म हो, इसलिए हर 2 से 3 साल में आरक्षियों का कार्यक्षेत्र बदला जाए। लेकिन मौरावां थाने में इन नियमों को ताक पर रखकर कई सिपाही वर्षों से अपनी पैठ जमाए हुए हैं। एक ही थाने में लंबे समय तक जमे रहने से उनकी स्थानीय स्तर पर गहरी पकड़ बन जाती है, जिससे आम जनता की शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई प्रभावित होने की आशंका रहती है। थानों में पुलिस और जनता के बीच संवाद मधुर और पारदर्शी होना चाहिए, जो एक ही जगह टिके रहने से कमजोर होता है। शासन और पुलिस महानिदेशक के स्पष्ट निर्देश हैं कि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मियों को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि शासन की नीति का सही पालन हो सके। वहीं जिले के तेज-तर्रार और ईमानदार छवि वाले पुलिस अधीक्षक से जनता को काफी उम्मीदें हैं। लोगों को भरोसा है कि एसपी साहब जनहित में इस मामले का संज्ञान लेंगे और लंबे समय से जमे सिपाहियों का तबादला कर थानों में पारदर्शिता और नई ऊर्जा लाएंगे

## गैस बुकिंग के नाम पर ओटीपी पूछकर खाते से उड़ाए 54 हजार, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गैस बुकिंग के नाम पर ओटीपी पूछकर साइबर ठगों ने युवक के खाते से 54 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है।असोहा क्षेत्र के कंदरपुर गांव निवासी चंद्रप्रकाश सोनी का खाता पीएनबी नवाबगंज शाखा में है। वह ऑनलाइन पेमेंट का इस्तेमाल करते हैं। सोमवार को दोपहर करीब 11 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आई और गैस बुकिंग के लिए ओटीपी मांगा गया। ओटीपी बताते ही उनका मोबाइल करीब एक घंटे के लिए हैक हो गया।मोबाइल दोबारा चालू होने पर खाते से पैसे कटने के तीन मैसेज आए। बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि 10 मिनट के अंतराल में तीन बार में कुल 54 हजार रुपये निकाले गए हैं। लोकेशन आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की दिख रही है।पीड़ित ने एसपी और साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर रकम वापस दिलाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# डिजिटल दुनिया में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

डिजिटल दुनिया ने जहां बच्चों के लिए ज्ञान, शिक्षा और मनोरंजन के दरवाजे खोले हैं, वहीं उनके लिए नए खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। बच्चों से जुड़ी यौन शोषण सामग्री इसका सबसे भयावह उदाहरण है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सरकार को भी समय रहते ऐसे मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए, चूंकि बच्चों की सुरक्षा में एक पल की देरी भी समस्या बढ़ा देती है। इसी को ध्यान में रखते हुए गूगल का भारत से जुड़े ऐसे मामलों की सूचना सीधे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना केवल एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के लिए जवाबदेही की जरूरत को स्वीकार करना भी है। अब तक ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री की रिपोर्टिंग में अमेरिका स्थित नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन यानी एनसीएमईसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 2025 में उसकी साइबरटिपलाइन को दुनियाभर से 2.13 करोड़ रिपोर्ट मिलीं। इनमें 53,000 से अधिक रिपोर्ट ऐसी थीं, जिन्हें तत्काल कार्रवाई या बच्चे के खतरे में होने की दृष्टि से गंभीर माना गया। डिजिटल माध्यमों पर बच्चों को सुरक्षित रखना वैश्विक चुनौती बन चुका है। भारत के संदर्भ में सीधे रिपोर्टिंग का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है, क्योंकि किसी बच्चे के खतरे में होने की स्थिति में समय सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। सूचना जितनी जल्दी स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसी तक पहुंचेगी, उतनी जल्दी संदिग्ध सामग्री हटाने, स्रोत की पहचान करने और संभावित पीड़ित बच्चे तक पहुंचने की कार्रवाई शुरू की जा सकेगी। गूगल से पहले मेटा ने भी इस व्यवस्था पर सहमति जताई है। असली चुनौती उस पूरी डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने की है, जिसमें ऐसी सामग्री तैयार होने से पहले रोकी जाए, अपलोड होते ही पहचानी जाए और प्रसारित होने से पहले उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में भी बच्चों की सुरक्षा के लिए प्लेटफॉर्मों पर तकनीकी उपायों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। एआई और दूसरे डिजिटल औजार जहां शिक्षा और रचनात्मकता के लिए उपयोगी हैं, वहीं इनके दुरुपयोग की आशंका भी बढ़ रही है। भारत के 2026 में संशोधित आईटी नियमों में सिंथेटिक रूप से तैयार ऐसी सामग्री को रोकने के लिए तकनीकी उपायों का भी प्रावधान किया है, जिसमें बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री शामिल है, लेकिन जिम्मेदारी केवल सरकार और कंपनियों की नहीं है। अभिभावकों को भी बच्चों की डिजिटल गतिविधियों के प्रति सजग रहना होगा। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर हर व्यक्ति विश्वसनीय नहीं होता, निजी तस्वीरें या जानकारी साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है और किसी संदिग्ध व्यक्ति के दबाव में आने पर चुप रहने के बजाय माता-पिता को तुरंत बताना चाहिए। स्कूलों में भी डिजिटल सुरक्षा को पाठ्यक्रम और जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा बनाना चाहिए। डिजिटल दुनिया को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की लड़ाई केवल आपत्तिजनक सामग्री हटाने की लड़ाई नहीं है। यह बच्चों के अधिकार, गरिमा और सुरक्षित बचपन की रक्षा की लड़ाई है। तकनीकी कंपनियों को मुनाफे के साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी होगी, सरकार को कानून और प्रवर्तन व्यवस्था मजबूत करनी होगी और समाज को डिजिटल सजगता बढ़ानी होगी। बच्चे जिस दुनिया में भविष्य देख रहे हैं, वह डिजिटल है; इसलिए उस दुनिया में उनका सुरक्षा विकल्प नहीं, बल्कि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# स्वस्थ और समृद्ध भविष्य के लिए है आयुर्वेद



आयुर्वेद दिवस
डॉ . संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली 'एनडीए' सरकार ने 2014 में स्वदेशी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के लोकव्यापीकरण और विकास को लक्ष्य में रखते हुए प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को 'आयुर्वेद दिवस ' के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। साल 2014 से 2024 तक यह दिवस आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि की जयंती धनतेरस के दिन मनाया जाता रहा है। इस साल मनाए जा रहे '11 वें आयुर्वेद दिवस- 2026' की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' (आयुर्वेदा फॉर हेल्दियर टूमारो) निर्धारित किया गया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब भारत सहित दुनिया का जनस्वास्थ्य नित नई चुनौतियों और महामारी से जूझ रहा है तब 'निरोगता' ही सभी समस्याओं से मुक्ति का एकमात्र उपाय है। आयुर्वेद दिवस का आयोजन केवल भारत में ही नहीं किया जा रहा है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में यह दिवस आयोजित किया जा रहा है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय दूतावासों और मिशनों, अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य संगठनों और प्रवासी भारतीय संगठनों के माध्यम से लगभग 150 से अधिक देशों में 'आयुर्वेद दिवस ' आयोजित किया गया। अलबत्ता आयुर्वेद विधा से जुड़े लोगों के लिए यह दिवस एक विरासत का उत्सव मनाने तक सीमित करने की नहीं होना चाहिए बल्कि इस विरासत को भविष्य की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों से जोड़ने के अवसर के तौर पर भी होना चाहिए। आखिरकार 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य पूर्ति में 'स्वास्थ्य' की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत जैसे विकासशील देश में जिसकी बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों और इसके इलाज के बढ़ते खर्च से जूझ रहा है तब सबसे बड़ी जरूरत आरोग्य की है। आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन का विज्ञान है जो मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के साथ -साथ उसमें नैतिक गुणों का प्रादुर्भाव भी करता है जो वैयक्तिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामुदायिक शुचिता में भी सहायक है। आयुर्वेद के जरिए ही आरोग्य संभव है क्योंकि इसमें स्वस्थ रहने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए विभिन्न मौसम अनुसार आहार, दिनचर्या और परहेज का विशद उल्लेख है। आयुर्वेद पद्धति का मूल सिद्धांत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी की चिकित्सा है यानि यह सिद्धांत विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' के 'प्रिवेंशन इज़ बेटर देन क्योर' के सिद्धांतों से तादात्म्य रखती है। दुनिया भर में बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के मद्देनजर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ आयुर्वेद का भी तादात्म्य स्थापित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार एकीकृत स्वास्थ्य सेवा की ओर कदम बढ़ा रही है जो दुनिया में एक नयी 'स्वास्थ्य क्रांति' का आगाज होगा।




गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा घोषित 'नवीन स्वास्थ्य नीति 2017' में भी आरोग्य यानि वेलनेस को प्राथमिकता दी गई है। वर्तमान परिदृश्य में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान स्वास्थ्य के लिए शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य के साथ ही आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी परिभाषित कर रही है। आश्चर्यजनक तौर पर भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के आचार्यों ने हजारों साल पहले ही इन आयामों को स्वास्थ्य का आधार प्रतिपादित किया है। देश और दुनिया नित नये संक्रामक रोगों के साथ ही जीवनशैली से जुड़ी गैरसंचारी रोगों यानि मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, मोटापा और कैंसर की चुनौतियों से जूझ रही है। देश की एक बड़ी आबादी जिसमें छात्र,युवा और महिलाएं शामिल हैं इन दिनों मानसिक तनाव और मनोरोग के शिकार हैं। भारत जैसे विकासशील देश में गैर संचारी रोगियों की बढ़ते आंकड़े और स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते दबाव के मद्देनजर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इन चुनौतियों से निपटने में कारगर हो सकती है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बढ़ी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की तीन चौथाई आबादी विभिन्न रोगों के उपचार के लिए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपना रही है।

बिलाशक आने वाले कल में जीवनशैली से जुड़ी तमाम बीमारियां जहां सरकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी वहीं यह आम परिवारों के लिए भी सबसे बड़ा आर्थिक बोझ साबित होगा। दरअसल किसी परिवार में बीमारी केवल एक सदस्य को ही बीमार नहीं करता बल्कि इसकी पीड़ा पूरे परिवार को झेलना पड़ता है। बीमार व्यक्ति की सेवा- सुश्रुषा और इलाज का खर्च जहां परिवार का कमर तोड़ देती है वहीं दूसरी ओर यह परिवार के उत्पादकता को भी प्रभावित करती है जिसका असर देश के अर्थव्यवस्था पर परिलक्षित होता है। पिछले साल हुए एक नेशनल सैंपल सर्वे में पता चला है कि एक साल में करीब 46 फीसदी ग्रामीण और 53 फीसदी शहरी आबादी ने किसी न किसी रूप में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार कराया है। विश्व समुदाय का भरोसा आयुर्वेद के प्रति बढ़ने के कारण वैश्विक बाजारों में आयुर्वेद उत्पादों की धाक लगातार बढ़ रही है बीते साल 2025 में जहां इसका आकार 16 बिलियन से लेकर 20.4 बिलियन अमरीकी डॉलर। वहीं इस साल 2026 में यह बाजार 24.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने तथा 2033 तक 85.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की संभावना है। देश में आयुर्वेद टूरिज्म का बाजार लगातार बढ़ रहा है फलस्वरूप इस क्षेत्र में काफी संख्या में उद्यमी और चिकित्सक आ रहे हैं जिससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

विचारणीय है कि स्वातंत्र्योत्तर भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैसा राज्याश्रय नहीं मिला जिसका वह हकदार था। वक्त ने करवट बदला और अब केंद्र सरकार द्वारा इस पद्धति के लोक व्यापीकरण और विकास के लगातार प्रयास किया जा रहा है। सरकार के कोशिशों के बावजूद देश के इस बौद्धिक संपदा के प्रति लोगों में अभी भी भ्रम है फलस्वरूप लोगों की प्राथमिकता में यह दोयम पायदान पर है। पश्चिमी देश जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बड़ी तेजी से अपना रहा है वहीं अभिजात्य तबका आयुर्वेद को अभी भी केवल सौंदर्य प्रसाधक, यौन शक्तिवर्धक, हेल्थ व फूड सप्लिमेंट माने बैठा है।

उपरोक्त भ्रांतियों के परिप्रेक्ष्य में वस्तुस्थिति यह है कि आयुर्वेद की अधिकांश दवाएं वनस्पतियों से बनती है तथा केवल रस और भस्म में धातुओं का प्रयोग होता है।औषधि निर्माण के दौरान धातुओं का शोधन शास्त्रीय विधि अनुरूप किया जाए और क्वालिफाइड आयुर्वेद विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में इसका सेवन किया जाए तो यह सुरक्षित और असरकारी होता है।आमतौर पर मरीज आयुर्वेद चिकित्सा के शरण में तब आता है जब वह वर्षों - महीनों एलोपैथिक या अन्य पैथियों का उपचार अजमा चुका होता है और कोई लाभ न होने पर आखिर में आयुर्वेद को आजमाना चाहता है तब तक रोग की जीर्णता और गंभीरता दोनों बढ़ जाती है तब भला इस पद्धति से त्वरित लाभ का सोच ही बेमानी है। आजकल आयुर्वेद दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना की गई है जहां दवाओं को आधुनिकतम कसौटी पर परखा जा रहा है। आयुर्वेद दवाएं अब टेबलेट और कैप्सूल के रूप में भी उपलब्ध हो रहे हैं जिसके चलते अब इन दवाओं के सेवन में आसानी हो रही है। वैज्ञानिक मानकीकरण के वर्तमान दौर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी वैज्ञानिक मानकों के कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है। केंद्र सरकार में पृथक आयुष मंत्रालय के स्थापना के बाद देश में जहां आयुर्वेद शिक्षा के गुणवत्ता उन्नयन के लिए कारगर प्रयास हुए हैं वहीं इस चिकित्सा पद्धति से जुड़े अनुसंधान और विकास को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है। दुनिया भर में इस चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में आयुर्वेद में अनुसंधान, प्रमाण और नवाचार को अहमियत दी जा रही है। अलबत्ता आयुर्वेद नवजात शिशु से लेकर बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित, सुलभ और सेहतमंद है। बहरहाल बीमारियों से बचाव और उपचार के बढ़ते आर्थिक बोझ के दृष्टिगत स्वस्थ और समृद्ध भविष्य के लिए आयुर्वेद ही कारगर लिहाजा लिहाजा सरकार और समाज को इसे अपनाने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

## मंथन

राजेंद्र बज



# केवल भौतिक प्रगति ही वास्तविक प्रगति नहीं

विभिन्न स्तर पर आंकड़ों की बाजीगरी में चाहे कितनी ही प्रगति के दावे किए जाते हों किंतु विकृत मानसिकता के कारक तत्वों पर अंकुश लगाने के प्रयासों की आवश्यकता समझी ही नहीं गई है। तकनीकी विकास के साथ-साथ नैतिकता को ताक पर रखते हुए चारित्रिक पतन के गर्त में कब, कहां और कौन जा रहा है, इस पर परिजन भी नजर नहीं रख पा रहे हैं। आधुनिकता की अंधी होड़ में हमारे उच्चस्तरीय नैतिक संस्कारों का विलोपन भी गहन चिंता का विषय है। आए दिन होने वाली हैरतअंगेज अमानवीय घटनाओं के मूल में कामवासना प्रमुख कारण बन रही है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि सामाजिक चिंतन की दशा और दिशा को सुनिश्चित आकार देते हुए ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे कि स्वस्थ समाज की संरचना हो सके। दरअसल, बदलते दौर में तथाकथित विकास को परिभाषित किया जाना भी अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में हमें अपनी संस्कृति को सर्वथा सुरक्षित रखते हुए प्रगति के नए सोपान तय करना होंगे। दुर्भाग्यवश आधुनिकता की ओट में हम हमारी उच्चस्तरीय नैतिक संस्कारों की परंपरा से विमुख होते जा रहे हैं। प्रगति की अवधारणा को सार्थक सिद्ध करने के लिए मात्र भौतिक उपलब्धि को पैमाना बनाना, कतई उचित नहीं होगा। सामाजिक विकृतियों के निदान हेतु प्रभावी पहल किया जाना समय की मांग है। धनबल और बाहुबल के साथ-साथ राजनीतिक संरक्षण के चलते आपराधिक गतिविधियां विस्तार पा रही है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जगत में विसंगतियों के जाल का जंजाल निरंतर बवाल खड़े कर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में विलंबित न्याय रूपी अन्याय प्रकारांतर से सामाजिक विकृतियों का जनक सिद्ध हो रहा है। शिक्षा संस्थान उच्चस्तरीय शिक्षा का दंभ भरते हुए विद्यार्थियों में नैतिकता का पाठ पढ़ाने में कोताही बरत रहे हैं। हमारे प्राचीनकालीन रीति रिवाज और आदर्श परंपराओं को सर्वथा अप्रासंगिक समझ लिया गया है। असामाजिक तत्वों की आर्थिक स्थिति में अप्रत्याशित रूप से होती बढ़ोतरी आखिर क्या सिद्ध करती है ? संगीन अपराधों के दोषी तत्वों को राजनीतिक संरक्षण, संचार तंत्र में परोसी जा रही अश्लीलता तथा कानून और व्यवस्था का मखौल उड़ाती मानसिकता नैतिकता को तार-तार कर रही है। आमतौर पर नीति निर्माता अपनी राजनीतिक जमावट में तल्लीन है और कानून और व्यवस्था के पालनहार अपने मूलभूत कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति उदासीन है। यदि ऐसा नहीं है, तो क्यों नहीं राजनीति में उच्चस्तरीय आदर्श स्थापित किए जाकर स्वस्थ समाज की संरचना के प्रति प्रशासन तंत्र को जवाबदार ठहराया जाता? शासन-प्रशासन अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन करें लेकिन तमाम जिम्मेदारियों के निर्वहन का सार तत्व स्वस्थ समाज की संरचना में ही अंतर्निहित माना जाना चाहिए। रिश्तों की मर्यादा पर कलंक कालांतर में घर-परिवार एवं सामाजिक जीवन में ऐसा भी उलटफेर कर सकता है जो हमें आखेट युग की ओर ले जाएं। आधुनिकता के नाम पर बनावट के आधार पर होती जमावट विकास का खोखलापन दर्शाती है। जरूरत इस बात की है कि शासन प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न परिवारों के परिजन भी स्वस्थ समाज की संरचना के सूत्रधार बने। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी संस्कृति मूल रूप से धर्म आधारित रही है। आखिर हमें ऐसा विकास तो नहीं चाहिए जो विनाश की कगार पर टिका हो! समय रहते ऐसे कदम उठाए जाने चाहिए जिससे कि व्यक्तियों के आचार-विचार और व्यवहार में सकारात्मक सोच लाते हुए उन्हें उच्चस्तरीय संस्कारों से परिपूर्ण किया जाए। अन्यथा समाज में दिनोंदिन नैतिकता का पतन आने वाले समय में हमारी शाश्वत संस्कृति को विलुप्त कर देगा। इसके साथ-साथ संयुक्त परिवार की अवधारणाओं को बढ़ावा देना भी वर्तमान सामाजिक परिवेश में आवश्यक प्रतीत होता है। निश्चित रूप से समाज के बीच से आ रहे नकारात्मक संदेशों को लेकर हमें सचेत हो जाना चाहिए। अन्यथा भावी पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। समय रहते सकारात्मक सोच के साथ नैतिक मूल्यों के उत्थान की दिशा में हमें जुटने की जरूरत है

# व्यैक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
**दर्शन**

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
**प्रेरणा**

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### प्याज की बढ़ती कीमत महंगाई का एक और झटका

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करनी चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी हों। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि अब देश के कुछ राज्यों में इसकी कीमत 70 रुपए प्रति किलो से ऊपर हो चुकी है। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं। *- मनोहर चौहान, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# चीन के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन में शामिल होंगे पाक के यात्री

चीन के अंतरिक्ष यात्री केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे दो पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री जल्द ही चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर मिशन में शामिल होंगे। एक वरिष्ठ चीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। चीन ने पिछले साल अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान के अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर ऊपर कक्षा में मौजूद अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने की योजना की घोषणा की थी। ये अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर जाने वाले पहले विदेशी मेहमान होंगे। 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी ' ने इस साल अप्रैल में अंतरिक्ष मिशन प्रशिक्षण के लिए दो पाकिस्तानी उम्मीदवारों मोहम्मद जीशान अली और खुर्रम दाऊद के चयन की घोषणा की थी।



## ऑफ बीट

# एयर प्यूरिफायर नहीं रोकते हैं श्वसन संबंधी संक्रमण

कोविड-19 के दौरान इस तरह की बातें सामने आईं कि घर के अंदर वायु गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए , साथ ही दावा किया गया कि इससे वायरस के फैलने का खतरा कम होगा, लेकिन इन दावों का समर्थन करने के लिए साक्ष्यों की कमी है। इसलिए मैंने और मेरे सहकर्मियों ने कोविड से पहले के साक्ष्यों की समीक्षा की और पाया कि वायु शोधन वास्तव में श्वसन संक्रमण संबंधी बीमारियों को कम नही करता। वायु उपचार उपकरणों के दो मुख्य प्रकार हैं : फिल्टर और वायु कीटाणुनाशक। फ़िल्टर हवा से उन कणों को हटाने का काम करता है जिनमें संक्रामक वायरस हो सकते हैं।



## ट्रेंड

### सिस्टम का कब्ज़ा



देश पर एक सिस्टम का कब्जा हो गया है, एक-एक करके हर स्तर पर। RSS और "हमारे दो, हमारे दो" की अगुवाई में, कुछ गिने-चुने लोगों ने मिलकर भारत के हर संस्थान पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस कब्जे, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ छात्रों की आवाज ही इस सिस्टम के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### बेटियों को बधाई



महिला क्रिकेट टीम ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि चैंपियन कैसे खेलते हैं। एशियाई खेल 2026 में गोल्ड मेडल जीतने पर हमारी महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई।
**- योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

### तिरंगे का मान



एशियाई खेल 2026 के महिला क्रिकेट फाइनल में श्रीलंका को हराकर गोल्ड मेडल जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई। आपकी शानदार जीत ने वैश्विक मंच पर तिरंगे का मान एक बार फिर बढ़ाया है।
**- डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

### जनता को उम्मीदें



बारां की जनता को आम आदमी पार्टी से बहुत उम्मीदें है। अब समय आ गया है कि इस क्षेत्र के विकास में सकारात्मक और ऐतिहासिक बदलाव लाया जाए और पूरे राजस्थान के लिए मिसाल कायम की जाए।
**- अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## संक्षेप

### डीएम ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

**गंदगी देख साफ-सफाई और वेस्टर्न टॉयलेट लगाने के दिए निर्देश**

अमेठी , नए डीएम शशांक चौधरी ने पदभार संभालते ही काम शुरू कर दिया है। उन्होंने आज दोपहर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल परिसर में गंदगी देखी।इस पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। डीएम ने ओपीडी, डायलिसिस सेंटर और पैथोलॉजी सेंटर का भी जायजा लिया। उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। डीएम दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल पहुंचे थे।डीएम शशांक चौधरी ने कहा कि जिला अस्पताल में जो भी कमियां हैं, उन्हें ठीक करने के निर्देश सीएमएस और सीएमओ को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद महिलाओं को शौचालय जाने में दिक्कत होती है, इसलिए टॉयलेट में वेस्टर्न टॉयलेट लगवाने के भी निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा, उन्होंने एनएचएम फंड से जुड़े कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने साफ किया कि अगले निरीक्षण तक सभी व्यवस्थाएं ठीक मिलनी चाहिए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में जिला अस्पताल में मरीजों से संबंधित सभी सुविधाएं पूरी कर ली जाएंगी। डीएम ने सीएमओ और सीएमएस को व्यवस्थाएं ठीक करने के कड़े निर्देश दिए।

### स्कूल से लौट रही छात्रा को बाइक ने मारी टक्कर

**सिर में गंभीर आई चोट, अमेठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती**

अमेठी ,स्कूल से घर लौट रही 10वीं की छात्रा को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और घायल छात्रा को तुरंत अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। महमूदपुर निवासी फूलचंद्र की 16 साल की बेटी प्रियांशी परसावा के महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज में 10वीं कक्षा में पढ़ती है। बुधवार को स्कूल की छुट्टी के बाद प्रियांशी साइकिल से घर जा रही थी। वह राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के पास महमूदपुर मोड़ पर पहुंची थी। तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि प्रियांशी साइकिल समेत सड़क पर गिर गई। उसके सिर और शरीर के दूसरे हिस्सों में चोटें आईं।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।स्थानीय लोगों ने घायल छात्रा को संभाला और अमेठी सीएचसी पहुंचाया।उन्होंने प्रियांशी के परिजनों को भी हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही प्रियांशी के पिता फूलचंद्र और उसकी मां अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने छात्रा का प्राथमिक उपचार शुरू किया। अमेठी सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि छात्रा के सिर में चोट आई है। उसका प्राथमिक उपचार किया गया है और उसकी हालत अभी स्थिर है।परिजनों ने बताया कि ग्रामीणों ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार को पकड़ लिया था।

# छह महीने से तहसील के चक्कर काट रहा था काश्तकार, एसडीएम के हस्तक्षेप से 24 घंटे में हुआ दाखिल-खारिज

**एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लिया, कार्रवाई पूरी होने के बाद काश्तकार को उपलब्ध कराई खतौनी**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराईच। राजस्व विभाग से संबंधित दाखिल-खारिज के एक मामले में छह महीने से तहसील के चक्कर काट रहे ग्राम अग्नापारा निवासी मोहम्मद सरीफ को आखिरकार राहत मिल गई।लंबे समय से लंबित मामले को लेकर जब काश्तकार ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक के समक्ष पहुंचकर अपनी समस्या बताई तो मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बाद महज 24 घंटे के भीतर दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी कर काश्तकार को खतौनी उपलब्ध करा दी गई। मोहम्मद सरीफ के अनुसार, वह अपनी भूमि के दाखिल-खारिज के लिए पिछले करीब छह महीने से तहसील के चक्कर लगा रहे थे। कई बार संबंधित स्तर पर अपनी समस्या रखने के बावजूद मामला लंबित रहा। आखिरकार उन्होंने उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी समस्या से अवगत कराया। एसडीएम के स्तर से मामले में तत्परता दिखाते हुए संबंधित राजस्व कर्मियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।इसके बाद प्रक्रिया पूरी कर दी गई और काश्तकार को उसकी भूमि से संबंधित खतौनी उपलब्ध करा दी गई। छह महीने से लंबित कार्य का 24 घंटे में निस्तारण होने से मोहम्मद सरीफ ने राहत की सांस ली।

### समयबद्ध कार्रवाई से काश्तकार को मिली राहत

मामले के त्वरित निस्तारण के बाद क्षेत्र में राजस्व मामलों के निस्तारण को लेकर चर्चा रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि भूमि संबंधी मामलों में आम लोगों को अक्सर तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऐसे में यदि संबंधित अधिकारी मामलों की समयबद्ध समीक्षा कर उनका निस्तारण कराएं तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है।काश्तकार मोहम्मद सरीफ ने भी मामले के निस्तारण पर संतोष जताते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वहीं, इस प्रकरण में एसडीएम प्रशांत कुमार नायक की ओर से समयबद्ध कार्रवाई किए जाने की चर्चा क्षेत्र में रही।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**मेरे सपनों का भारत विषय पर बच्चों की तूलिका ने उकेरे विकसित भारत के सपने**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। भारत सरकार के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र, मिहींपुरवा के सभागार में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह के निर्देशन में हुआ।

प्रतियोगिता में न्याय पंचायत स्तर पर पूर्व में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से चित्रों में अपने सपनों के भारत की सुंदर एवं प्रेरणादायी तस्वीर प्रस्तुत की। उनकी तूलिका से विकसित, समृद्ध, स्वच्छ, शिक्षित और आत्मनिर्भर भारत के विविध रंग देखने को मिले।प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय गिरिजापुरी की छात्रा मोहिनी रानी ने प्रथम, संविलियन विद्यालय विश्वनाथ गांव की छात्रा सायबा ने द्वितीय तथा संविलियन विद्यालय गौड़रिया की छात्रा तैयबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि चित्रकला बच्चों की कल्पनाशक्ति, सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ देश के प्रति अपने सपनों और विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता के सफल एवं व्यवस्थित संचालन में शिक्षक सुनील प्रकाश चौधरी, अंशुल कुमार, एआरपी प्रदीप नारायण सिंह, बलवंत सिंह सहित संबंधित शिक्षकों एवं सहयोगी कार्मिकों का सराहनीय योगदान रहा।

## मेरे सपनों का भारत' पर चित्रकला प्रतियोगिता

**छात्रों ने चार्ट पर उकेरी विकसित राष्ट्र की तस्वीर**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के कम्पोजिट विद्यालय बाबागंज में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों नें अपनी कल्पनाओ और रंगो के माध्यम से विकसित, शिक्षित और पर्यावरण के प्रति भारत की तस्वीर उकेरी। आयोजित मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता में नवाबगंज के सभी न्याय पंचायत के 24 छात्रों नें प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि चेयरमेन रूपईडीहा डॉ उमा शंकर वैश्य नें सभी प्रतिभागियों में से शिवा साहू कक्षा 8 पीएम श्री विद्यालय लक्ष्मनपुर सलारपुर प्रथम, सायमा कक्षा 8 कम्पोजिट विद्यालय नवाबगंज द्वितीय और रवि कुमार कक्षा 8 उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्शीगांव कों तृतीय स्थान घोषित किया। आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों नें भारत के विकास, पर्यावरण, स्वच्छता, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों कों चित्रकाला के माध्यम से प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि चेयरमेन डॉ श्री वैश्य नें प्रतिभागियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए विजेता छात्रों कों बधाई दी।बीईओ राधेश्याम वर्मा ने बताया कि जन सेवा अभियान के तहत कुल 24 छात्र-छात्राओं नें मेरे सपनों का भारत विषय कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।ब्लॉक स्तर पर तीन छात्र-छात्राओं कों चुना गया है। जिसका फाइनल कार्यक्रम 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर श्री महराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच में आयोजित किया जायेगा।इस मौके पर अजय कुमार मिश्रा, विनोद गिरि, नवनीत कुमार प्रेमी, आनंद भूषण मिश्रा, अविराज सैनी, नीरज गुप्ता, अविनाश चंद, आनंद आर्य आदि शिक्षकगण उपस्थिति रहे।

# अभियान को आपसी समन्वय से प्रभावी बनाने को कहा, 1 अक्टूबर से होगा शुरू

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। एसडीएम कैसरगंज ने संचारी रोग नियंत्रण पर दिए निर्देश। संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए बुधवार, 23 सितंबर 2026 को तहसील कैसरगंज के सभागार में एक अंतर-विभागीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक ने की। बैठक में आगामी संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की तैयारियों पर चर्चा हुई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक चलेगा, जबकि दस्तक अभियान 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक चलाया जाएगा।उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान सभी विभाग आपस में तालमेल बनाकर काम करें। उन्होंने स्वच्छता, जलभराव रोकने, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और मच्छर से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता और दूसरे स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के लक्षण, बचाव के तरीके और समय पर इलाज के बारे में जागरूक करें। साथ ही, संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं।बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर के अधीक्षक डॉ. एन.के. सिंह, कैसरगंज के अधीक्षक डॉ. बी.डी. वर्मा, हुजूरपुर के अधीक्षक डॉ. आभाष अंकुर श्रीवास्तव और जरवल के अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश मौजूद थे। इनके अलावा, BCPM रामप्रताप ठाकुर, सोनी जायसवाल, BPM आदित्य गुप्ता और लएड आशाराम समेत कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। आखिर में, उपजिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अभियान के लिए तय किए गए कामों को समय पर पूरा करें और आपसी तालमेल से काम करें। इससे संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के लक्ष्य हासिल हो सकेंगे और इलाके में संचारी रोगों का फैलाव रुक सकेगा।

## जिले में मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा के तहत शिक्षण संस्थाओं में आयोजित हो रहे कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित हो रहे सेवा संकल्प अभियान अन्तर्गत मेरे सपनों का भारतः चित्र सेवा के तहत जनपद के प्रत्येक शासकीय एवं निजी विद्यालय में अभिभावकों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में कक्षा 5-8 हेतु ड्राइग तथा कक्षा 9-12 हेतु भाषण प्रतियोगिता, विद्यालय/ब्लॉक स्तर की ड्राइंग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मेरे सपनों का भारतः चित्र सेवा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में मा. प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की दिशा में हुए नीतिगत सुधारों, जनकल्याणकारी कार्यों तथा देश-प्रदेश में आए सकारात्मक बदलावों को आमजन तक पहुंचाये जाने के साथ साथ ही केंद्र सरकार के 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों से जनजीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत कर युवा, महिला, किसान एवं वंचित वर्ग को आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प से जोड़ना अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक मिहींपुरवा में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़

**11 तमंचे, 5 अर्धनिर्मित हथियार और उपकरण बरामद, लखनऊ के 2 आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ,बाजारशुकुल पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।पुलिस ने पाली गांव के जंगल में छापा मारकर 11 निर्मित और 5 अर्धनिर्मित तमंचे बरामद किए। मौके से चार जिंदा और दो खोखा कारतूस के साथ हथियार बनाने के उपकरण भी मिले हैं। पुलिस ने लखनऊ के रहने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने पुलिस ऑफिस सभागार में मामले का खुलासा किया। उन्होंने कार्रवाई करने वाली टीम को 25 हजार रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की।पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत की गई। पूछताछ में आरोपियों ने सुनसान जगहों पर हथियार बनाने और उन्हें लखनऊ समेत आसपास के जिलों में बेचने की बात बताई है।

### पाली जंगल में छापा, 16 अवैध तमंचे बरामद

बाजारशुकुल पुलिस को पाली गांव के जंगल में अवैध हथियार बनाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। वहां हथियार बनाने का काम चल रहा था। पुलिस ने मौके से कुल 16 तमंचे बरामद किए, जिनमें 11 तैयार और 5 अर्धनिर्मित थे। बरामद हथियारों में 315 बोर के 9 तमंचे और 12 बोर के 2 तमंचे शामिल हैं। इसके अलावा 4 जिंदा और 2 खोखा कारतूस मिले हैं। पुलिस ने मौके से हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान भी जब्त किया।पुलिस ने मौके से कौशल किशोर उम्र 30 वर्ष पुत्र गोपी और छोटू उम्र 21 वर्ष पुत्र सुकरू को गिरफ्तार किया।

# 11वें आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें: डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर में बुधवार को 11वां आयुर्वेद दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। उन्होंने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा पद्धति की समृद्ध परंपरा है। इसे जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही युवा पीढ़ी को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बीएएमएस के छात्र-छात्राओं ने आयुर्वेद के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रैली निकाली। इसके बाद पीपीटी प्रस्तुतीकरण, पोस्टर प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए लोगों को नशे से दूर रहने और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से आयुर्वेद के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली में इसकी उपयोगिता भी बताई। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सरोज सोनकर ने आयुर्वेद की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसकी बढ़ती स्वीकार्यता के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, डा. उमेश नारायण मिश्रा, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. उपेंद्र रावत, डॉ. विजय गौतम, डॉ. पीयूष नायक, डॉ. देवेश कुमार तिवारी, डॉ. निधि पोरवाल, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. इरफान कुरैशी, डॉ. निशा, डॉ. शालू सहित शिक्षक, चिकित्सक एवं बीएएमएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राजस्व निरीक्षक पर गृहकर-जलकर में हेरफेर का आरोप

**पूर्व सभासद ने डीएम से जांच और कार्रवाई की मांग की, पालिका को करोड़ों का नुकसान**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , नगर पालिका परिषद में तैनात राजस्व निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह पर गृहकर, जलकर और दूसरे शुल्कों की वसूली में बड़े पैमाने पर हेरफेर और वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। पूर्व सभासद सज्जाद खां ने इस मामले में जिलाधिकारी (डीएम) को शिकायत पत्र भेजकर विभागीय जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। नगर पालिका के नियमों के मुताबिक, असेसमेंट रजिस्टर के कॉलम नंबर 05 में भवन में रहने वाले व्यक्ति, संस्था या किराएदार का नाम और मासिक किराया लिखना जरूरी होता है। इसी आधार पर गृहकर और जलकर तय होता है। आरोप है कि राजस्व निरीक्षक सही जानकारी दर्ज नहीं कर रहे हैं। राजस्व निरीक्षक पर आरोप है कि उन्होंने भवन मालिकों से मिलीभगत की है। उन्होंने बैंक, मॉल, होटल, गेस्ट हाउस, प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, मैरिज लॉन और बड़े शोरूम जैसे प्रतिष्ठानों पर तय मानक से बहुत कम टैक्स लगाया है। असेसमेंट रजिस्टर में पहले से तय किए गए टैक्स को काटकर कम करने का भी आरोप है।

### करोड़ों रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा

नियमों के मुताबिक, हर 5 साल में (और नए सरकारी आदेश के अनुसार अब हर 2 साल में) सभी भवनों का दोबारा मूल्यांकन करना जरूरी है। इससे पालिका की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। आरोप है कि राजस्व निरीक्षक ने इस सरकारी आदेश का पालन नहीं किया, जिससे पालिका को हर साल करोड़ों रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस मामले में बड़े अधिकारी भी चुप हैं। राजस्व निरीक्षक पर यह भी आरोप है कि वे टैक्स वसूली में कोई दिलचस्पी नहीं लेते और बकायादारों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करते। नियमों के अनुसार, पार्किंग का ठेका एक महीने पहले एडवांस जमा करने पर दिया जाता है। अगर एडवांस जमा न हो तो ठेका रद्द करने का नियम है।

## घर में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ में निशानदेही पर जेवर बरामद**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिमांशु कन्नौजिया (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।यह मामला देल्हूपुर थाना क्षेत्र के मल्हूपुर गांव का है। सोमवार को मल्हूपुर गांव निवासी एक महिला के घर में अज्ञात व्यक्ति घुस गया था। उसने घर में रखे एक छोटे बैग से करधनी, पायल, अंगूठी, मंगलसूत्र और पैन कार्ड समेत कई सामान चुरा लिया था। घटना के बाद महिला ने छतरगढ़ छितपालगढ़ निवासी हिमांशु कन्नौजिया पर चोरी का शक जताया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को पुलिस टीम इलाके में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने हिमांशु कन्नौजिया को पकड़ लिया। घर से आभूषण और अन्य सामान चुरायापुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने लालच में आकर महिला के घर से आभूषण और अन्य सामान चुराया था। उसने चोरी का सामान अपने पास ही रखा था। आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से चोरी किए गए आभूषण बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद सामान महिला को दिखाया, जिसे उन्होंने अपने घर से चोरी हुआ बताया। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।



# बिजली कटौती-लो वोल्टेज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**एक घंटे धरना देकर व्यवस्था सुधारने की मांग, हफ्ते बाद आंदोलन की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,बुधवार दोपहर करीब 2 बजे अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ता चिलबिला स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे और नारेबाजी की। करीब एक घंटे चले प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने अधीक्षण अभियंता को आठ सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

### रातभर बिजली गुल रहने का लगाया आरोप

जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई इलाकों में रातभर बिजली सप्लाई बंद रहती है। इससे लोगों की पढ़ाई, कारोबार और सिंचाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि बिजली सप्लाई बंद होने के बाद लाइनमैन से लेकर जेई और एक्सईएन स्तर तक शिकायतों के समाधान में भी लोगों को दिक्कत होती है।

### बिजली उपकरण खराब होने का दावा

कांग्रेस जिला महासचिव संतोष सिंह ने जिले की बिजली व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक बिजली न रहने और लो वोल्टेज के कारण उपभोक्ताओं के बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं। उन्होंने दीवानी न्यायालय परिसर में बने मिनी पावर हाउस का इस्तेमाल नहीं होने और कथित बिल बुक घोटाले की जांच कराने की मांग की। साथ ही जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग रखी। किसानों के कनेक्शन और ट्रांसफार्मर पर सवालकांग्रेस सेवादल के जिला महासचिव भवानी शंकर दुबे ने किसानों को बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

## संक्षेप

### लेखपालों ने अतिरिक्त हल्कों का बहिष्कार किया

**लंबित मांगों के समाधान के लिए ऑनलाइन काम भी बंद किए, मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन**

बागपत ,उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। संघ के आह्वान पर लेखपालों ने अपने अतिरिक्त हल्कों का बहिष्कार कर दिया है।उन्होंने इन हल्कों से जुड़े बस्ते तहसील और राजस्व निरीक्षक कार्यालयों में जमा कर दिए हैं।साथ ही लेखपालों ने ऑनलाइन काम भी बंद कर दिए हैं।संघ ने उपजिलाधिकारी के जरिए मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। संघ का कहना है कि लेखपाल राजस्व प्रशासन की रीढ़ हैं। उन पर लगातार काम का बोझ बढ़ रहा है। इसके बावजूद उनकी कई मांगें सालों से सरकार के पास अटकी हुई हैं।संघ की मुख्य मांगों में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करना शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने चयन वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची तुरंत जारी करने की मांग की है।वर्ष 2024 के विभागीय परीक्षा परिणाम और प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी घोषित करने को कहा गया है। लेखपाल संघ ने स्टेशनरी भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये करने की मांग की है।वाहन भत्ता 1500 रुपये और विशेष भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये हर महीने करने को कहा गया है। भूलेख कार्यालयों और अन्य पटलों से जुड़े लेखपालों को भी मुक्त करने की मांग की गई है। संघ ने ग्राम सचिवालयों में लेखपालों के लिए जरूरी सुविधाएं मांगी हैं।इनमें पर्याप्त फर्नीचर, कंप्यूटर, इंटरनेट, बिजली, पीने का पानी, शौचालय और अभिलेख सुरक्षित रखने की व्यवस्था शामिल है। इसके साथ ही, लेखपाल संवर्ग का शुरूआती वेतनमान लेवल-5 (2800 ग्रेड पे) करने और वेतन में असमानता खत्म करने की मांग भी रखी गई है।संघ ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक फैसला नहीं हुआ, तो ऑनलाइन काम के बहिष्कार समेत आंदोलन को और बढ़ाया जाएगा। संघ ने साफ किया कि उनका मकसद लोगों को परेशान करना नहीं है, बल्कि सालों से अटकी अपनी मांगों का समाधान कराना है।

# 19वें दिन टीजीटी -पीजीटी अभ्यर्थियों का अनशन खत्म

**डीएम-पुलिस कमिश्नर ने जूस पिलाकर तुड़वाया, पुरानी नियमावली की मांग पर हड़ताल थी**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,टीजीटी -पीजीटी की पुरानी नियमावली बहाल करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चार अभ्यर्थियों का बुधवार को अनशन खत्म हो गया। प्रयागराज डीएम मनीष वर्मा और पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया ने अभ्यर्थियों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। पांच सितंबर से शिमला पटेल, रोशन सरोज, प्रवीण यादव और मीना सरोज भूख हड़ताल पर बैठे थे।अभ्यर्थियों की मांग थी कि टीजीटी -पीजीटी भर्ती परीक्षा पुरानी नियमावली और पुराने पैटर्न के आधार पर कराई जाए। रात 2 घंटे समझाता रहा प्रशासन, सुबह जूस पिलाकर तुड़वाया अनशन- मंगलवार रात करीब दो घंटे तक प्रशासन ने आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। बुधवार सुबह डीएम मनीष वर्मा और पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया फिर अनशन स्थल पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म कराई। अभ्यर्थियों का कहना था कि जब तक लिखित नोटिस नहीं मिलेगा, तब तक वे अनशन नहीं तोड़ेंगे।31 अगस्त से चल रहा था धरना, सोमवार को 300 छात्रों ने घेरा शिक्षा निदेशालयअभ्यर्थियों का 31 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन चल रहा था। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे से करीब 300 छात्रों ने शिक्षा निदेशालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

# छात्रसंघ बहाली को लेकर पोस्टर वार

**लक्ष्मी-म्योहॉल चौराहे पर लगाए पोस्टर, पूछा- यूपी में छात्रसंघ चुनाव कब बहाल होंगे**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज,इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ की बहाली का मुद्दा एक बार फिर तेज हो गया है। बुधवार सुबह लक्ष्मी चौराहे, मेयोहॉल चौराहे और महिला छात्रावास के सामने छात्रसंघ बहाली को लेकर पोस्टर लगाए गए।पोस्टरों के जरिए सरकार से छात्रसंघ चुनाव बहाल करने को लेकर सवाल किया गया।इनमें लिखा था-यूपी में छात्रसंघ पर ताला, दिल्ली में जीत पर माला और यूपी में छात्रसंघ चुनाव कब बहाल होंगे ?

### अबमुद्देकोकैंपससेबाहरलेजारहे

यूपी के प्रदेश महासचिव और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रनेता आदर्श सिंह भदौरिया ने कहा- अब छात्रसंघ बहाली के सवाल को विश्वविद्यालय परिसर से बाहर शहर के प्रमुख चौराहों तक ले जाया जा रहा है। चौराहों पर लगाए गए पोस्टरों के जरिए सरकार से छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार को लेकर सवाल किया जा रहा है।

### 2019 में खत्म हुई थी चुनावी व्यवस्था, तब से लगातार आंदोलन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की व्यवस्था 2019 में खत्म कर दी गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 96 साल पुराने छात्रसंघ की जगह छात्र परिषद व्यवस्था लागू करने का फैसला किया था। इसमें सीधे चुनाव के बजाय कक्षा प्रतिनिधियों के जरिए छात्र परिषद के पदाधिकारियों के चुनाव की व्यवस्था की गई।प्रशासन ने इसके पीछे लिंगदोह समिति की सिफारिशों का हवाला दिया था।

## शौच लिए गई युवती नहीं लौटी घर परिजन परेशान

**पीड़ित पिता ने नजदीकी थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासिनी 19 वर्षीय युवती के खेत सौंच के लिए जाने के बाद गायब हो जाने पर हड़कंप मच गया मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता ने नजदीकी थाना खखरेरू में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विगत 19 सितंबर को प्रातः काल पीड़ित की 19 वर्षीय बेटी सौंच क्रिया के लिए खेत गई थी जहां से वापस नहीं लौटी काफी समय हो जाने के बाद खोजबीन प्रारंभ की गई परंतु कुछ पता नहीं चला वहीं परिजनों ने नजदीकी रिश्तेदार समेत अन्य कई स्थानों पर खोजबीन की परंतु निराशा ही हाथ लगी आहत होकर पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई खखरेरू थाना में कार्यरत कार्यवाहक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक श्याम सुंदर गिरी ने पीड़ित पिता की तहरीर स्वीकृत करते हुए गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश प्रारंभ की

## पति-पत्नी के विवाद में पति ने खाया जहर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मकरौली निवासी 35 वर्षीय युवक राजकुमार पुत्र राम प्रसाद ने नशेखोरी को लेकर हुए विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया वही जैसे ही परिजनों को यह जानकारी हुई तो तत्काल परिजन युवक को लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात युवक को सदर अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर कर दिया वही जानकारी लेने पर ग्रामीणों ने बताया कि युवक राजकुमार तथा उसकी पत्नी पवन कुमारी के बीच शराब पीने को लेकर अधिकतर झगड़ा चलता रहता था वही विगत दिवस भी इसी मुद्दे को लेकर आपस में विवाद हुआ और युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया फिर हाल खबर लिखते समय तक युवक की हालत में कोई सुधार नहीं है

## कमिश्नरी पर भाकियू किसान क्रांति का प्रदर्शन

**राष्ट्रीय अध्यक्ष को नजरबंद करने पर सड़क पर बैठे कार्यकर्ता, डेढ़ घंटे तक चला धरना**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,भारतीय किसान यूनियन (किसान क्रांति) के कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर कमिश्नरी चौराहे पर प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष चौ.निखिल राव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और डीजे के साथ पहुंचे।कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि ज्ञापन देने से पहले संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन मलिक को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। इसके विरोध में कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पहुंचने तक न तो अधिकारियों से वार्ता करेंगे और न ही ज्ञापन देंगे।जिलाध्यक्ष निखिल राव ने कहा कि संगठन की ओर से किसान, मजदूर, छोटे व्यापारियों और युवाओं की समस्याओं को लेकर कमिश्नरी में ज्ञापन देने की प्रक्रिया तय थी। उनका आरोप है कि प्रशासन ने रात से ही संगठन के कार्यकताओं को नजरबंद करना शुरू कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देने के लिए भी किसानों को रोका जा रहा है।राव ने कहा कि जब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष उनके बीच नहीं आते, संगठन का प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के आने के बाद ही अधिकारियों से वार्ता और ज्ञापन देने पर निर्णय लिया जाएगा। अभी भी किसान कमिश्नरी चौराहे पर सड़क पर बैठे हुए हैं और अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। शाम करीब 4 बजे भारतीय किसान यूनियन किसान क्रांति के जिला अध्यक्ष चौधरी निखिल राव ने एसीएम मृदुला दुबे के माध्यम से मंडलायुक्त, मेरठ मंडल और जिलाधिकारी, मेरठ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के बाद उन्होंने अपना धरना समाप्त कर दिया। धरना करीब डेढ़ घंटे तक चला।ज्ञापन में उठाईं ये प्रमुख मांगेंसंगठन के ज्ञापन में गन्ने का लाभकारी मूल्य बढ़ाने, बकाया भुगतान ब्याज सहित कराने और सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग की गई है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने,आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की भी मांग है।इसके अलावा एनएच-58 पर विभिन्न स्थानों पर अंडरपास,निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर रोक, पेपर लीक की जांच,ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुधारने और जले ट्रांसफॉर्मर 24 घंटे में बदलने की मांग रखी गई।ग्राम नारहाड़ा में रास्तों और जलभराव की समस्या के समाधान तथा ग्राम बहचौला स्थित औद्योगिक इकाई की पर्यावरणीय जांच की मांग भी शामिल है।

## पत्नी की हत्या के आरोपी को जेल भेजा

**संपत्ति विवाद में चुन्नी से गला दबाकर मारा, खुद चौकी पहुंचा था आरोपी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,लोहिया नगर क्षेत्र के फतेहउल्लापुर में संपत्ति बच्चों के नाम करने को लेकर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी चांद खां को जेल भेज दिया। बता दे पत्नी शाहिस्ता की हत्या करने के बाद आरोपी खुद फतेहउल्लापुर चौकी पहुंचा था और पुलिस को घटना की जानकारी दी थी।हत्या के बाद आरोपी के चेहरे पर किसी तरह की शिकन नहीं दिखाई दी। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद शाहिस्ता के शव को परिवार के लोगों ने सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। इस दौरान परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। फतेहउल्लापुर निवासी सोनू ने बताया कि उसकी बहन 28 वर्षीय शाहिस्ता की शादी करीब छह साल पहले परीक्षितगढ़ क्षेत्र के ऐंची खुर्द निवासी चांद खां से हुई थी।शादी के कुछ समय बाद दोनों फतेहउल्लापुर में किराये के मकान में रहने लगे थे। चांद ई-रिक्शा चलाता था। दंपती के चार बच्चे हैं। परिजनों के मुताबिक, कुछ समय पहले चांद को गांव में संपत्ति मिली थी। चांद के नशे का आदी होने के कारण शाहिस्ता उससे संपत्ति बच्चों के नाम करने के लिए कहती थी।इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच करीब तीन महीने से विवाद चल रहा था।

### बच्चों को माता-पिता के पास छोड़कर आया था

चांद तीन बच्चों को ई-रिक्शा से अपने माता-पिता के पास छोड़कर कमरे पर पहुंचा। दोपहर करीब 2:30 बजे उसका शाहिस्ता से विवाद हुआ। आरोप है कि मारपीट के बाद चांद ने शाहिस्ता की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह सीधे फतेहउल्लापुर चौकी पहुंचा। और पुलिस को पत्नी की हत्या की जानकारी दी।लोहिया नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया।इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### किसानों के खेतों से जबरन मिट्टी उठाने का आरोप

**भाकियू नेता और टटीरी के लोगों ने एसडीएम से की शिकायत, आंदोलन की चेतावनी**

बागपत , टटीरी कस्बे के लोग और भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ता एसडीएम ऑफिस पहुंचे। उन्होंने तालाब को सुंदर बनाने के लिए उठाई जा रही मिट्टी के मामले में एसडीएम से शिकायत की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तालाब की मिट्टी दूध प्लांट में भेजी जा रही है।इसके लिए तालाब की बजाय आसपास के किसानों के खेतों से जबरन मिट्टी उठाई जा रही है। अगर कोई इसका विरोध करता है, तो उसे मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी जाती है।इसके बाद स्थानीय लोगों ने किसान यूनियन से संपर्क किया।भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता प्रदीप धामा अपने लोगों के साथ एसडीएम के पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों से जबरन मिट्टी उठाना गलत है। अगर मिट्टी तालाब के सुंदरीकरण के लिए उठाई जा रही है और दूध प्लांट में जा रही है, तो स्थानीय लोगों को कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन किसानों के खेत से जबरन मिट्टी उठाना और झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देना बहुत गलत है।

# प्लॉट के विवाद में फायरिंग

**युवक ने छत पर चढ़कर चलाई गोलियां, 100 कदम पर दस से अधिक लोग खड़े थे**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , साढ़े 11 बजे जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में फायरिंग हुई। इस घटना की वीडियो सामने आई है, जिसमें छत पर चढ़कर एक युवक पिस्टल से फायरिंग कर रहा है, छत पर खड़ा दूसरा व्यक्ति पथराव कर रहा है। घटना में 10 से अधिक राउंड फायरिंग की गई। इस मामले में गोली लगने से संदीप नाम का युवक घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है।उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के बाद खोखे बीनकर ले गई। मामला लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र का है।लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा निवासी नेपाल धामा ने एफआईआर कराते हुए बताया कि मेरे एक प्लॉट का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। प्लॉट को लेकर ऋषिपाल इनके बेटे विक्रांत, गजेंद्र और अन्य लोग रंजिश रखते हैं। सोमवार दोपहर को आरोपी विक्रांत अपने पिता और अन्य लोगों के साथ पहुंचा। जहां प्लॉट पर बने कमरों पर चढ़कर पथराव और फायरिंग की। पहले ऋषिपाल ने फायरिंग की, उसके बाद उसी रिवाल्वर से विक्रांत ने फायरिंग की।जिसमें संदीप को गोली लग गई। अन्य लोग भी मौके पर धमकी दे रहे थे।पुलिस ने ऋषिपाल, विक्रांत, गजेंद्र और एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पहले कहासुनी इसके बाद फायरिंग

यह घटना संगम विहार चौकी क्षेत्र की बहटा नहर के रास्ते पर हुई।इससे पहले दोनों पक्षों में विवाद हुआ। फायरिंग की सूचना 112 के माध्यम से पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्य थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी लेने के साथ जांच शुरू कर दी।एसीपी अमरदीप मौर्य ने बताया कि दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग की।घटना में संदीप के पैर में गोली लगी है।उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# समझौता ना एफिडेविट... दिग्विजय भाटी के 2 वीडियो सामने आए

**बोले- गन प्वाइंट पर कचहरी ले गए, कोरे कागज पर साइन कराए, महिला का जिक्र**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , भारतीय किसान यूनियन (डॉ. बीआर अंबेडकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और किसान नेता डॉ. दिग्विजय भाटी के दो वीडियो फिर सामने आए।दोनों वीडियो में दिग्विजय भाटी ने मेरठ के पूर्व एसएसपी अविनाश पांडे से जुड़े प्रकरण में किसी भी तरह का समझौता करने और एफिडेविट देने से इनकार किया है।दो मिनट के पहले वीडियो में वह कचहरी परिसर में कोर्ट के बाहर दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरे करीब तीन मिनट आठ सेकंड के वीडियो में थित समझौते को लेकर अपने ऊपर दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।पहला वीडियो में समझौते की बात नकारी करीब 2 मिनट के वीडियो में दिग्विजय भाटी कचहरी परिसर में किसी कोर्ट के बाहर खड़े दिखाई देते हैं।इसमें कह रहे हैं कि पूर्व एसएसपी अविनाश पांडे से जुड़े मामले में न तो उन्होंने कोई समझौता किया है और न ही कोई एफिडेविट दिया है।उन्हें षड्यंत्र के तहत बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। समझौते को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है।

### 15 पुलिसकर्मियों पर दायर किया परिवाद

दिग्विजय भाटी ने कहा- उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे समाज का सिर झुके। वीडियो में वह बताते हैं कि अधिवक्ता संजीव गुर्जर और कुशल कुमार के माध्यम से पूर्व एसएसपी अविनाश पांडे समेत करीब 15 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दाखिल किया गया है।वह कोर्ट पर भरोसा जताते हुए कहते हैं कि उन्हें अदालत से न्याय की पूर्ण उम्मीद है।

### एक महीने बाद भी भाई के बयान दर्ज नहीं

वीडियो में दिग्विजय भाटी ने कहा- घटना को करीब एक महीना बीत चुका है, लेकिन अभी तक उनके भाई के बयान दर्ज नहीं कराए गए हैं।किसी का नाम लिए बिना वह कहते हैं कि उन्हें चारों तरफ से फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा- मुझे अपनी जान को खतरा है। मेरी लगातार निगरानी की जा रही है और घर के आसपास भी पहरा है।

वीडियो में वह प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से भावुक अपील करते दिखाई देते हैं।

दूसरा वीडियो : गन प्वाइंट पर तैयार किया मामला

दिग्विजय भाटी का दूसरा वीडियो करीब 3 मिनट 8 सेकंड का है।

## गंदगी-अतिक्रमण पर 35 लाख का जुर्माना

**अवर अभियंता, सुपरवाइजर को हटाया, कई का वेतन तक काटा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अलग-अलग मामलों में संबंधित एजेंसियों पर कुल 35 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।सेक्टर-19, निठारी रोड और सेक्टर-43 समेत कई जगहों पर गंदगी और कूड़ा मिला। लापरवाही पर अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन काटने, कारण बताओ नोटिस देने और कुछ कर्मचारियों को हटाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अवैध निर्माण, सड़कों की मरम्मत, शौचालयों के संचालन और अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान को लेकर भी समय सीमा तय की गई।काम समय पर पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। सेक्टर-19 में पार्क के अंदर मिला हॉर्टिकल्चर वेस्टसेक्टर-19 के बी-ब्लॉक शनि बाजार के खाली प्लॉट में बने पार्क के अंदर हॉर्टिकल्चर वेस्ट पड़ा मिला। संबंधित उद्यान कार्य की ठेकेदार संस्था पर 5 लाख रुपए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। इसी सेक्टर के दूसरे पार्कों में भी गंदगी मिली। इस पर संबंधित उद्यान निरीक्षक और सहायक निदेशक (उद्यान) का एक दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया।

# डंपर ने स्कूटी सवार युवकों को कुचला

**एक की मौत, दूसरा घायल; कार की टक्कर से सड़क पर गिरे थे**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में शाम अजायबपुर रेलवे फ्लाईओवर पर हादसा हो गया। कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक सड़क पर गिर गए। इसी दौरान डंपर की चपेट में आने से इंटर के छात्र करण की मौत हो गई। करण रिठौरी गांव का रहने वाला था। उसका साथी अनीष भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे की खबर मिलते ही गुस्साए ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क जाम कर डंपर में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और डंपर को कब्जे में ले लिया।

### कार ने स्कूटी में मारी टक्कर, दोनों सड़क पर गिरे

दादरी थाना प्रभारी नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि रिठौरी गांव निवासी करण (पुत्र सतबीर) और अनीष (पुत्र समसुद्दीन) स्कूटी से घर जा रहे थे। दोनों दादरी की तरफ से आ रहे थे। अजायबपुर रेलवे फ्लाईओवर पर पहुंचने पर एक कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहा डंपर दोनों की चपेट में आ गया। अस्पताल में करण को मृत घोषित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने करण को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनीष का इलाज जारी है। पुलिस ने करण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है करण की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

# भतीजी ने चोरी किए 16 लाख के जेवर

**पुलिस ने पकड़ा, एक लाख नगद और जेवर बरामद, पहले से थी जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,चाचा के घर से लाखों रुपए के जेवर और नगदी चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। चोरी की घटना को रिश्ते में भतीजी ने अंजाम दिया। उसे घर में जेवर और नगदी कहां रखी रहती है, इसकी जानकारी थी। एडीसीपी मनीष सिंह ने बताया कि पीड़ित मंतोष राय ने 20 सितंबर को घर से सोने-चांदी के जेवर और नगदी चोरी होने की शिकायत सेक्टर-39 थाने में दी थी। शिकायत के बाद पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि चोरी करने वाली बाल अपचारी रिश्ते में मंतोष राय की भतीजी है। उसे घर में रखे जेवर और नकदी की जानकारी थी। जुलरी और कैश बरामद पुलिस ने उसे सेक्टर-47/48 से पुलिस संरक्षण में लिया। उसके कब्जे से करीब 16 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 1,09,650 रुपए नकद बरामद किए गए। बरामद सामान में हार, कंगन, मंगलसूत्र, चेन, मांग का टीका, नथुनी, अंगूठियां, ओम पेंडल और झुमके शामिल हैं। इसके अलावा पाजेब, हाथ के कंगन और लोकेट मय चेन भी बरामद हुए हैं। इन धाराओं में दर्ज किया मुकदमा एडीसीपी के मुताबिक, मामले में बाल अपचारी के खिलाफ नियमानुसार एक्शन लिया जा रहा है। इस संबंध में थाना सेक्टर-39 में मु0अ0सं0 463/2026, धारा 305(ए), 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।

# मौत की धारा में समा गईं तीन जिंदगियां, बिलखते रह गए अपने

## गणपति विसर्जन की खुशियां मातम में बदलीं, सई में डूबे तीनों युवकों के शव दूसरे दिन बरामद

**अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह**

मोहनलालगंज। सई नदी में एक युवक को बचाने के लिए लगाई गई तीन छलांगों ने तीन परिवारों की दुनिया उजाड़ दी मंगलवार शाम गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान मीनापुर घाट पर धीरज गहरे पानी में डूबने लगा उसे बचाने के लिए बड़े भाई हरीशचंद्र और साथी प्रमोद बिना कुछ सोचे नदी में कूद पड़े लेकिन तेज बहाव ने तीनों को अपनी आगोश में ले लिया बुधवार को घंटों चले संयुक्त सर्च अभियान के बाद तीनों के शव बरामद हुए तो पूरे सिसेंडी गांव में मातम छा गया जिन घरों में गणपति बप्पा की विदाई के बाद खुशियां लौटनी थीं वहां अब केवल सिसकियां और चीत्कार गूंज रही। एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने पूरी रात और बुधवार को लगातार तलाश की तीसरे युवक प्रमोद का शव जबरेला पुल से करीब तीन किलोमीटर दूर मिलने के बाद अभियान समाप्त हुआ पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया गया कि सिसेंडी गांव से पांच गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था करीब सात फीट ऊंची और डेढ़ कुंतल वजनी प्रतिमा के विसर्जन के दौरान धीरज गहरे पानी में चला गया उसे बचाने के प्रयास में हरीशचंद्र और प्रमोद भी नदी में कूद पड़े लेकिन तीनों तेज बहाव में लापता हो गए।

### एक घर में आने वाली थी नई किलकारी, उससे पहले उजड़ गया सुहाग

हरीशचंद्र पेंटिंग का काम कर परिवार चलाते थे पत्नी श्यामावती गर्भवती 12 वर्षीय बेटा और 10 वर्षीय बेटी पिता की राह देखते रह गए जिस घर में कुछ दिनों बाद नए मेहमान के



स्वागत की तैयारी होनी थी वहां अब मातम पसरा।

### धीरज के अजन्मे बच्चे से पहले उठ गई पिता की अर्थी

दो वर्ष पहले धीरज की शादी अनीता से हुई थी। दंपती की एक बेटी की पहले ही मौत हो चुकी अनीता तीन माह की गर्भवती हैं। पति की मौत ने अजन्मे बच्चे के सिर से पिता का साया छीन लिया। घर में बूढ़े माता-पिता और दोनों भाई गहरे सदमे में।



### प्रमोद की राह देखता रह गया परिवार

प्रमोद का शव जबरेला पुल से करीब तीन किलोमीटर दूर मिला शव गांव पहुंचते ही माता-पिता और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया पूरे गांव की आंखें नम थीं।

### चार–चार लाख रुपये की सहायता की प्रक्रिया शुरू

जिला प्रशासन ने तीनों मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए



जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी राजस्व विभाग की टीम को पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। एक युवक को बचाने के लिए लगाई गई तीन छलांगों ने तीन परिवारों की जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी गर्भवती पत्नियां, मासूम बच्चे और बिलखते माता-पिता... सिसेंडी गांव में गणपति विसर्जन का पर्व ऐसी टीस दे गया जिसे शायद कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

# दहेज हत्या में पति गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को मृतका के मौसा अंजनी कुमार निवासी ग्राम आऊमऊ ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ससुराल पक्ष के सालेहनगर निवासी पति सतनाम, सास, देवर शिवम, ननद सोनिया ने उनके साढ़ू की बेटी सुभाषिनी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया। इससे परेशान होकर उसने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या की गंभीर धाराओं में चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि बुधवार दोपहर को सूचना मिली कि दहेज हत्या में शामिल मृतका सुभाषिनी का पति सतनाम कहीं जाने की फिराक में सालेहनगर पुलिया के



आरोपी पति सतनाम

पास खड़ा है। जिसे पुलिस ने पुलिया के पास से हिरासत में लेकर जुर्म और धारा अवगत कराते हुए। गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही मामले में शामिल तीन अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

सोनभद्र। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज होटल डी.आर. ड्रीम, सोनभद्र में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सोनभद्र के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है।

## खास समाचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से सोमवार को एक 15 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद किशोरी के चचेरे भाई ने दो युवकों पर बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर उसे भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से देवरिया जिले के खामपार थाना अंतर्गत व वर्तमान समय आशियाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक उसकी चचेरी बहन 21 सितंबर की सुबह करीब सात बजे शांतिनगर स्थित किराये के कमरे से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन नियमित समय पर वापस नहीं लौटी। तब परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसी दौरान देवरिया निवासी सुमित यादव ने फोन कर बताया कि उसने किशोरी को चारबाग रेलवे स्टेशन पर देखा था। आरोप है कि वहां से वह गोरखपुर जाने वाली ट्रेन में बैठी, जहां उसे सुमित यादव ने खामपार थानान्तर्गत रवि यादव को सौंप दिया। परिजनों का आरोप है कि रवि यादव किशोरी को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से किशोरी और आरोपी की तलाश कर रही है।

# 10 साल पुराने मुकदमे का वारंटी दबोचा

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। अदालत से जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में मोहनलालगंज पुलिस ने बुधवार को 10 साल पुराने मुकदमे के एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम कुरौली निवासी मनोज कुमार (30) के घर पर दबिश दी। पुलिस को आरोपी घर पर ही मिल गया, जिसके बाद उसे न्यायालय के आदेश से अवगत कराते हुए हिरासत में ले लिया गया। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2008 में थाना मोहनलालगंज में मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी तथा एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। एसीपी राजकुमार सिंह का कहना है कि न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन और फरार वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी।

# सई नदी में युवक के कूदने की आशंका, पुल पर मिले कपड़े और मोबाइल

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव निवासी 23 वर्षीय अजय उर्फ गोगा के सई नदी में कूदने की आशंका से हड़कंप मच गया। 21 सितंबर की सुबह नदी के पुल पर उसके कपड़े और मोबाइल फोन मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बताया गया कि 20 सितंबर की रात अजय ने अपने पिता को फोन कर इलाज के लिए पैसे मांगे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर परिजनों से उसकी बहस भी हुई थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चला। सुबह पुल पर कपड़े और मोबाइल मिलने के बाद नदी में कूदने की आशंका जताई गई। सूचना पर थाना प्रभारी घनश्याम राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद NDRF और PAC को सूचना दी गई। NDRF की टीम ने मौके पर पहुंचकर नदी में सघन तलाश अभियान शुरू किया। युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : कमलेश

**हिंदी विकास समिति अनपरा ने हिंदी पखवाड़े के अंतिम चरण में रखे विचार, 21 नवंबर को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की रूपरेखा**

**अमन लेखनी समाचार**



अनपरा सोनभद्र। हिंदी विकास समिति अनपरा द्वारा हिंदी पखवाड़े के अंतिम चरण में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने में हमारा कर्तव्य विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हिंदी के प्रचार-प्रसार, दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा नई पीढ़ी को हिंदी से जोड़ने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।समिति के वक्ताओं ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों को जोड़ने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। हिंदी के सम्मान और विस्तार के लिए सरकारी प्रयासों के साथ समाज, शिक्षण संस्थानों, साहित्यकारों, पत्रकारों और युवाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। पदाधिकारियों ने लोगों से कार्यालय कार्यों, सामाजिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

### – 21 नवंबर को होगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

बैठक में हिंदी विकास समिति अनपरा द्वारा सर्वसम्मति से परियोजना में निरंतर होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 21 नवंबर को आयोजित कराने की रूपरेखा पर भी चर्चा कर अंतिम रूप दी गई। कार्यक्रम को भव्य और साहित्यिक रूप से प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से नामचीन कवियों कवित्रियों को आमंत्रित करने की योजना है। समिति के सदस्यों ने कहा कि हिंदी पखवाड़े के माध्यम से शुरू किए गए अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा और हिंदी के प्रति लोगों में जागरूकता एवं सम्मान की भावना बढ़ाने के लिए जगह जगह स्कूल के अलावे साहित्यिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर मुख्यरूप से समिति के सदस्यों में राष्ट्रीय कवि कमलेश राजहंस, महेंद्र सिंह, विनोद सिंह, आलोक त्रिपाठी, आर एन तिवारी, आशुतोष सिंह, दिलीप मिश्रा, धीरेंद्र चौबे, आर पी सिंह, प्रभात चंद्र पाठक, राकेश सिंह, अजय द्विवेदी, पीजी कॉलेज के डॉ अभय शंकर द्विवेदी, अनिल यादव, राकेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन समिति के सचिव आर एन तिवारी द्वारा किया गया।

# करमा महोत्सव में गूंजा जनजातीय संस्कृति और परंपरा का संदेश

**जनजातीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

**करमा महोत्सव जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपरा का प्रतीक : समाज कल्याण राज्य मंत्री।**

**नशे से दूर रहें और बच्चों को शिक्षा से जोड़ें : जिलाधिकारी।**



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। करमा महोत्सव के अवसर पर आज ओबरा के पनारी ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़, जिलाधिकारी चर्चित गौड़ प्रभारी प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव विहार आरुषि मिश्रा एवं ब्लॉक प्रमुख चोपन श्रीमती लीला सिंह गौड़ ने करमा देवता की विधिवत पूजा-अर्चना कर जनजातीय परंपरा एवं संस्कृति को नमन किया। पूजा-अर्चना के पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में करमा गीत, सैलानी, डोमचकित सहित जनजातीय समाज के कलाकारों द्वारा विभिन्न लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने जनजातीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं की समृद्ध छटा बिखेरी। इस दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ एवं जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मांदर पर थाप लगाकर जनजातीय कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रभारी प्रभागीय वनाधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। जनजातीय समाज के लोगों द्वारा अतिथियों को पारंपरिक पलास के पत्ते की बनी टोपी पहनाकर उनका सम्मान किया गया।

### करमा महोत्सव जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपरा का प्रतीक : समाज कल्याण राज्य मंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि करमा महोत्सव जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, आस्था और परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। यह महोत्सव लंबे समय से जनजातीय समाज की आस्था एवं सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। इस अवसर पर जनजातीय समाज की महिलाएं नौ दिनों तक व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। उन्होंने कहा कि करमा महोत्सव के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत मनमोहक रहे। प्रस्तुतियों के माध्यम से नशामुक्ति तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का संदेश भी दिया गया।

### नशे से दूर रहें और बच्चों को शिक्षा से जोड़ें : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने उपस्थित जनजातीय समाज के लोगों से अपील की कि करमा महोत्सव के अवसर पर सभी नशे से दूर रहने का संकल्प लें तथा अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य और समाज की प्रगति का मजबूत आधार है।

### ऊटक्र से विद्यालयों में मजबूत होंगी मूलभूत सुविधाएं : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला खनिज फाउंडेशन के माध्यम से आवश्यक कार्य कराए जाएंगे।

# घर का ताला तोड़कर जेवरात, आईफोन और नकदी चोरी

**अमन लेखनी समाचार**



घर में बिखरा पड़ा सामान – फोटो

लखनऊ। बीती रात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर घर में दाखिल होकर जेवरात, आईफोन, टैबलेट और नकदी समेत कीमती सामान पार कर दिया। बुधवार सुबह घर पहुंची महिला को चोरी की जानकारी हुई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मुंशीखेड़ा निवासी लक्ष्मी पत्नी जुगलेश के मुताबिक, मंगलवार को वह किसी काम से अपने मायके मलिहाबाद गई थीं। इसी दौरान देर रात चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और कमरे में रखे बक्से से दो जोड़ी पायल, मंगलसूत्र, चांदी के अन्य जेवर, सोने की चेन, आईफोन, टैबलेट और करीब पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह लक्ष्मी घर लौटीं तो दरवाजे का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और जेवरात समेत अन्य कीमती सामान गायब था। उन्होंने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। इसके बाद रहीमाबाद थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों एवं सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें अधिकारी : प्रभारी मंत्री.**

**जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पेयजल आपूर्ति का टीम गठित कर कराया जाए सत्यापन**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं जनपद में संचालित विभिन्न विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों एवं अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिन विभागों एवं अधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका समय से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचालित विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### जल जीवन मिशन की पेयजल आपूर्ति का टीम गठित कर कराया जाए सत्यापन

समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि गांवों में जल जीवन मिशन के माध्यम से हो रही पेयजल आपूर्ति का टीम गठित कर स्थलीय सत्यापन एवं जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल सके और ग्रामीणों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित हो।

विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश

प्रभारी मंत्री ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का समय-समय पर आवश्यक निरीक्षण किया जाए। विद्यालयों में पठन-पाठन, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया कि जनपद के कुछ प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय भवन, कक्ष आदि से संबंधित आवश्यक कार्यों के लिए जिला खनिज फाउंडेशन (ऊटक्र) के माध्यम से कार्य कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंदों तक पहुंचाएं : समाज कल्याण राज्य मंत्री

बैठक के दौरान प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक

# ककरबई में 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण**

**अमन लेखनी समाचार**



ककरबई। सेवा संकल्प अभियान के तहत ककरवई के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य अनुपमा सिंह लोधी ने की, जबकि बीडीओ बामौर गौरव कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टॉल लगाए गए। ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें कृषि और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। समाज कल्याण विभाग की कुमकुम उदैनियां ने पेंशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर शिकायती पत्र सौंपे, जिनमें कई का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। धमनौड़ प्रधान सरजू प्रसाद पाठक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उचित दर विक्रेता पर घटतौली व ओवररेटिंग के आरोप लगाए। महिला आयोग सदस्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सप्लाई इंस्पेक्टर गरौठा को मौके पर बुलाकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर निशा गुप्ता ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अनुपमा सिंह लोधी सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों उर्मिला तिवारी, अपेक्षा गौतम, विमलेश व मुन्नी देवी आदि ने दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर पुष्टाहार भेंट किया तथा छोटे बच्चों को अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से कुलदीप धाकड़, रवि कुमार व एएनएम सपना तिवारी, कृषि विभाग से कृष्णपाल व भगवानदास मौजूद रहे। समापन पर ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार तिवारी ने आभार जताया। संचालन ओमप्रकाश सक्सेना ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार यादव, दिनेश सिंह परिहार, संदीप सिंह परिहार, दीपक तिवारी, टिंचू राजा परिहार, राजेंद्र बादल, विनोद पाठक, रामप्रकाश समेले, वीरेंद्र गौतम, सचिव धर्मेंद्र पटेल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# वेतन विसंगति समेत विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने सौंपा ज्ञापन



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर लेखपालों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसील सभागार में तहसीलदार अमृतलाल को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला मंत्री अनुज डेंगरे के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में प्रारंभिक वेतनमान में 2800 ग्रेड-पे दिए जाने, वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति सहित अन्य सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। लेखपालों ने कहा कि उनकी कई मांगें लंबे समय से शासन स्तर पर लंबित हैं, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिए जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष मयंक द्विवेदी, तहसील मंत्री देवेंद्र सागर, नीतीश द्विवेदी, भुवनेंद्र मिश्रा, राज गुप्ता, शिवम सिंह, आरती सिंह, पल्लवी यादव, आरती निरंजन सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# साइकोलॉजिकल थ्रिलर गुरु से कमबैक करेंगे जॉन, लंदन में शुरू की शूटिंग

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता के तौर पर जॉन अब्राहम को जाना जाता है। बीते साल आई फिल्म द डिप्लोमेट के बाद से जॉन बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन, आने वाले समय में वह जोरदार कमबैक करते हुए नजर आएंगे। जिसकी वजह उनकी अपकमिंग कई फिल्में, जिनमें एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर गुरु भी शामिल है। खबरें हैं कि लंदन में जॉन अब्राहम ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उसे भी अगले साल ही प्रदर्शित करने की योजना है सिनेमाई गलियारों की रिपोर्टों के अनुसार, यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन द गर्ल ऑन द ट्रेन और कोड नेमः तिरंगा के निर्देशक रिभु दासगुप्ता कर रहे हैं।



## लाइफ Style

# सना
## आठ साल की उम्र में किया था डेब्यू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी अभिनीत फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में बतौर बाल कलाकार काम करने वाली सना सईद ने दर्शकों का खूब दिल जीता। वे रानी मुखर्जी और शाहरुख खान की बेटी अंजलि की भूमिका में दिखीं।

'कुछ कुछ होता है' वाली छोटी सी मासूम सी अंजलि अब 38 वर्ष की हो गई हैं। सना का जन्म 22 सितंबर 1988 को मुंबई में हुआ था। सना सईद ने अपने कॅरियर की शुरुआत 8 साल की उम्र में फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से की थी। उनके इस रोल को फिल्म में बेहद पसंद किया गया था। इस फिल्म के बाद सना ने दो और बड़ी बॉलीवुड फिल्मों- 'हर दिल जो प्यार करेगा' और 'बादल' में भी काम किया था। हालांकि, सना ने इन फिल्म के बाद फिल्मों से दूरी बना ली थी। करण जौहर निर्देशित 'कुछ-कुछ होता है' में भोली भाली सी दिखने वाली बच्ची यानी सना अब अपने ग्लैमरस लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। बॉलीवुड की तीन बड़ी फिल्में करने के बाद सना लंबे समय तक बड़े पर्दे से गायब रहीं। इसके बाद उन्होंने टीवी सीरियल्स से वापसी की। टेलीविजन पर सना साल 2008 में बाबुल का आंगन छूटे न और लो हो गई पूजा इस घर की जैसे टीवी सीरियल में नजर आईं। इसके अलावा छोटे पर्दे पर वे कई रियलिटी शो झलक दिखला जा 6, झलक दिखला जा 7, नच बलिए 7 और झलक दिखना जा 9 में भी नजर आ आईं। टीवी में काम करने के बाद सना ने बड़े पर्दे पर एक बार फिर वापसी की।

## हॉलीवुड मसाला



# इंसानियत की नहीं है कोई बराबरी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने फिल्म निर्माण के दौरान एआई के इस्तेमाल पर बात पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। इसके साथ ही अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' पर भी काफी कुछ कहा। हाल ही में टॉम क्रूज लंदन में बाफ्टा के 'लाइफ इन पिक्चर्स' समारोह में पहुंचे थे। जहां वैरायटी से हुई बातचीत में 'मिशनः इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' में किये गए एआई के उपयोग के बारे में बात करते हुए कहा, 'असल बात यह है कि इंसानियत की कोई बराबरी नहीं है।



# एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की सुपरहिट फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' एक बार फिर सिनेमाघरों में वापसी करने जा रही है। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म के सात साल बाद मार्वल इसे 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' के नाम से दोबारा रिलीज कर रहा है। भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। फिल्म 25 सितंबर को रिलीज होने वाली है। खास बात यह है कि इस बार मार्वल फिल्म को सिर्फ पुरानी यादों के सहारे वापस नहीं ला रहा है। 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' में नया फुटेज और 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की एक्सक्लूसिव झलक भी दिखाई जाएगी। यही वजह है कि फिल्म की वापसी को लेकर दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की सबसे ज्यादा हलचल 25 सितंबर यानी ओपनिंग डे के लिए देखने को मिल रही है।



# सोहला को प्रेजेंट कर रहीं सोनाली...

**मुंबई।** सोनाली बेंद्रे लंबे अरसे के बाद 2013 में फिल्मों में वापस लौटी थीं। इसके बाद से वह फिल्मों और सीरीज में काम करती रही हैं। अब वह अपकमिंग फिल्म 'सोहला' से बतौर प्रेजेंटर जुड़ी हैं। पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का ऐलान किया गया है। यह फिल्म परिवार, सपनों और उन फैसलों के बारे में है, जो हमारी जिंदगी को आकार देते हैं। इस फिल्म के निर्देशक सैकत बागबान हैं। इसे रोज ऑडियो विजुअल्स के बैनर तले गोल्डी बहल ने प्रोड्यूस किया है। कैरीऑन फिल्म्स के बैनर तले सचिन श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव और कविता बागबान भी इसके प्रोड्यूसर हैं। इसका साउंडट्रैक यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप ने तैयार किया है। यह 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका ट्रेलर 29 सितंबर को जारी किया जाएगा।



# प्रेम कीटाणु में दिखी दोस्ती की झलक

**मुंबई।** वीर पहाड़िया और अपारशक्ति खुराना की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में कॉलेज लाइफ, दोस्ती और प्यार दिखाया गया है। इसके अलावा इसमें दो दोस्तों के बीच लड़की को लेकर पैदा होने वाली स्थिति की भी झलक है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का भी देखने को मिला है। प्रेम कीटाणु' 2 अक्टूबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि वीर पहाड़िया एक लड़की (आफिया सैयद) के चक्कर में पड़ जाते हैं। उन्हें उससे प्यार हो जाता है। उनकी प्रेम कहानी अच्छी चल रही होती है। इस बीच अपार शक्ति खुराना आ जाते हैं। वीर को लगता है कि आफिया का और आपर शक्ति खुराना का चक्कर चल रहा है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 20 : अमन ने छीनी यंग डीएसए की पावर

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 20 में प्रतिभागियों के बीच खूब बहस और विवाद देखे जा रहे हैं। कुछ के बीच दोस्ती हुई है तो कुछ एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं देखना चाहते। हाल ही में शो का नया प्रोमो जारी हुआ है। इसमें यंग डीएसए उर्फ हर्ष मछारे और अमन गांधी के बीच तीखी बहस देखी जा सकती है। दरअसल, एक टास्क के बाद अमन गांधी ने यंग की लाइफलाइन छीन ली। 'बिग बॉस 20' में दो सदस्यों को नॉमिनेट किया गया है। ये दो प्रतिभागी यंग डीएसए और ईशा रिखी हैं। नॉमिनेशन की प्रक्रिया भी थोड़े हटकर अंदाज में हुई। इस बार प्रतिभागियों को उन दो सदस्यों का नाम बताना था, जिन्हें वे नामांकन से बचाना चाहते थे। हर घरवाले ने अपनी पसंद के सदस्य को सुरक्षित किया। मगर, इस दौरान यंग डीएसए और ईशा रिखी को एक भी सेविंग वोट नहीं मिला। इसके चलते दोनों नॉमिनेशन लिस्ट में आ गए। नॉमिनेशन होने के बाद सभी प्रतिभागियों को एक टास्क दिया गया। यह टास्क राशन से जुड़ा था। सबसे जल्दी 'रूम नंबर 20' तक पहुंचने वाले सदस्य को खास मौका मिलना था। यह टास्क अमन गांधी ने जीता। वे रूम में सबसे पहले पहुंचे थे। इसके बाद अमन को किसी एक सदस्य की लाइफलाइन छीनने का अधिकार मिला। अमन ने यंग डीएसए की एक लाइफलाइन खत्म कर दी। अमन गांधी ने यंग डीएसए की पावर छीनी, इसके बाद रैपर का गुस्सा फूट पड़ा। दोनों के बीच जमकर तकरार हुई। सामने आए प्रोमो में दोनों एक-दूसरे पर भड़क रहे हैं। वहीं, यह भी देखा जा सकता है कि यंग की पावर कम करने का संकेत गुल्लू ने दिया था। बता दें कि इस सीजन को भी सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। यह शो आप रोज रात नौ बजे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

## किस्मत से मिलता है ऐसा रोल : रघुबीर

**नई दिल्ली।** रघुबीर यादव बताते हैं कि पहली बार 'पंचायत' की स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद उन्होंने मेकर्स से कहा था कि- 'इसमें तो एक्टिंग की गुंजाइश नहीं है। सुनने में यह बात थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन रघुबीर का मतलब साफ था। उन्हें लगा कि इस कहानी और किरदार को अभिनय के जरिए नहीं दिखाया जा सकता। यहां तो किरदार को आत्मसाध करके परदे पर जीना होगा। 'पंचायत' से जुड़ने का किस्सा बताते हुए रघुबीर कहते हैं, 'कुछ नहीं, बस ऐसे ही मिल गई थी। ये लोग लिख रहे थे। पता नहीं, कैसे मुझे बुला लिया। मैंने उनसे यही कहा कि जिस तरह इसे लिखा गया है, इन जिंदगियों से मैं अच्छी तरह से वाकिफ हूं। मैं बिहार, राजस्थान, यूपी, एमपी सब जगह रहा हूं। वहां की जुबान की मुझे थोड़ी जानकारी है। वहां की जुबान का जो टेस्ट है, वो मुझे पता है। जुबान का जो संगीत है, वो भी मुझे पता है।



# वर्तमान के लिए बहुत प्रासंगिक है 'भेड़ बकरी भूत' की कहानी

**नई दिल्ली।** अभिषेक चौबे और नवदीप सिंह मिलकर शॉर्ट फिल्म 'भेड़ बकरी भूत' लेकर आए हैं। इसे कई फेस्टिवल में सराहा गया है। फिल्म को अनुराग कश्यप के क्यूरेटेड यूट्यूब चैनल 'ओह शॉर्ट फ्लिप्स' पर रिलीज किया जाएगा। फिल्ममेकर अभिषेक चौबे और नवदीप सिंह अवॉर्ड जीतने वाली शॉर्ट फिल्म 'भेड़ बकरी भूत' (बीबीबी) पेश कर रहे हैं। नवदीप सिंह ने कहा कि फिल्म की ऑब्जर्वेशनल स्टोरीटेलिंग ने तुरंत उनका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, 'भेड़ बकरी भूत' बहुत बारीकी से देखी गई और समझदारी से निर्देशित की गई फिल्म है। यह आज के समय के लिए बहुत प्रासंगिक है। यह एक शानदार शॉर्ट फिल्म है, जो समझदारी भरी और जबरदस्त मनोरंजक है।' 'भेड़ बकरी भूत' कई फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जा चुकी है। इन फेस्टिवल में इंटरनेशनल कुर्जफिल्मटेग विंटरथुर का 29वां एडिशन, आईफसा टोरंटो, तिराना इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, रोमा शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल,




टोक्यो इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल, येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और बेस्ट ऑफ इंडिया शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल शामिल हैं। उड़ता पंजाब जैसी फिल्म के लिए मशहूर चौबे और एनएच10 जैसी फिल्म से जुड़े सिंह इस शॉर्ट फिल्म को पेश कर रहे हैं। इस फिल्म को कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहा गया है। 'भेड़ बकरी भूत' दिखाती है कि कैसे निजी शिकायतें सिस्टम से जुड़ी निराशाओं पर एक बड़ी टिप्पणी बन सकती हैं। फिल्म की शुरुआत एक दुखी ब्रास बैंड म्यूजिशियन से होती है, जो पब्लिक बाथरूम की दीवार पर अपनी प्रेमिका के बारे में गुस्से भरा मैसेज लिखता है। जो चीज एक निजी गुस्से के तौर पर शुरू होती है, वह जल्द ही शिकायतों की एक सामूहिक दीवार बन जाती है। यहां लोग समाज और सिस्टम से जुड़ी अपनी शिकायतें लिखने लगते हैं। बढ़ती आवाजों के बीच, बाथरूम की बिगड़ती हालत पर किसी का ध्यान नहीं जाता। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिषेक चौबे ने एक बयान में कहा, ''भेड़ बकरी भूत' के बारे में मुझे जो बात सबसे ज्यादा पसंद आई, वह है शिवम का कहानी कहने का मॉडर्न तरीका और यह बात कि यह फिल्म जितनी मजेदार है, उतनी ही परेशान करने वाली भी।

# जेलर 2 की कास्ट में शामिल हुईं विद्या
## दबंग और प्रभावशाली है किरदार



**मुंबई।** 'जेलर 2' के मेकर्स धीरे-धीरे उन कलाकारों के किरदारों से पर्दा उठा रहे हैं जो इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में रजनीकांत के साथ नजर आएंगे। इस कड़ी में अब विद्या बालन का नाम भी जुड़ गया है। मेकर्स ने अब विद्या के किरदार का पहला लुक जारी किया है। वह 'कांथ' का किरदार निभा रही हैं। इस किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन नए वीडियो में उन्हें एक जबरदस्त अंदाज में पेश किया गया है। वीडियो में विद्या नीली साड़ी और काले ब्लाउज में नजर आ रही हैं। उनके हाथ में सिगरेट है और वह सीढ़ियों से उतरकर एक कमरे में दाखिल होती हैं। वीडियो में ज्यादा कुछ तो नहीं दिखाया गया है लेकिन एक बात साफ है कि कांथा का किरदार कोई शांत या दब्बू किस्म का नहीं है। इस सीन में विद्या का अंदाज काफी प्रभावशाली और दबंग है। मेकर्स ने अभी तक यह नहीं बताया है कि कहानी में कांथा का क्या रोल है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का किरदार निभाएंगी। कहा जा रहा है कि मिथुन 'जेलर 2' में मुख्य विलेन (खलनायक) की भूमिका में होंगे और रजनीकांत के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। हिंदुस्तान टाइम्स ने पहले एक सूत्र के हवाले से कहा था, 'विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का रोल निभा रही हैं।' नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित 'जेलर' फिल्म मुथुवेल पांडियन की कहानी थी। वह एक रिटायर्ड जेलर थे, जिनका शांत जीवन तब उथल-पुथल हो गया, जब उनका बेटा लापता हो गया। फिल्म ने भारत में 348.55 करोड़ रुपए (नेट) और दुनिया भर में 604.50 करोड़ रुपए (ग्रॉस) की कमाई की थी।

## संजय-अनन्या-ईशा से लेकर सनी लियोनी तक
# गणेशोत्सव : लालबागचा राजा के दरबार में पहुंचे कई बॉलीवुड सितारे

*मुंबई। गणेशोत्सव के पावन मौके पर कई सेलब्स मुंबई के लालबागचा राजा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी बॉलीवुड के कई कलाकार बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचे, जिनके वीडियोज भी सामने आए हैं। गणेश उत्सव के मौके पर अब तक शाहरुख खान से लेकर बॉलीवुड के कई बड़े सितारे लालबागचा राजा के दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को भी संजय दत्त, अनन्या पांडे समेत कई सितारे बप्पा के दर्शन करने और आशीर्वाद लेने पहुंचे।*

### पत्नी संग आशीर्वाद लेने पहुंचे बाबा



संजय दत्त भी अपनी पत्नी मान्यता दत्त के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। संजय दत्त ने इस दौरान नारंगी रंग का कुर्ता-पायजामा पहना था, जबकि मान्यता दत्त गुलाबी रंग के ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। दोनों ने बप्पा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

### पिता-बेटी ने भी किए दर्शन



अनन्या पांडे भी अपने पिता चंकी पांडे के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं। दोनों को मुंबई की भीड़भाड़ वाली गलियों में बप्पा के दरबार की ओर जाते हुए देखा गया। अनन्या इस दौरान ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आईं।

### बप्पा के दरबार में पहुंची ईशा

वहीं ईशा देओल भी बप्पा के दरबार में पहुंचीं। ईशा ने इस दौरान हरे रंग की ड्रेस पहनी थी और उनके माथे पर तिलक लगा हुआ नजर आया। उन्होंने भी लालबागचा राजा के दर्शन किए और गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया।

### शाहरुख ने बेटी सुहाना और पत्नी गौरी के साथ लिया आशीर्वाद



सोमवार देर रात शाहरुख खान मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उनका परिवार भी साथ था। नेवी ब्लू पठानी कुर्ता सेट पहने और माथे पर पारंपरिक लाल तिलक लगाए शाहरुख ने कड़ी सुरक्षा के बीच अपने परिवार और टीम के सदस्यों के साथ भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच से गुजरते हुए 60 वर्षीय अभिनेता ने मूर्ति के सामने पुष्प अर्पित किए। यह दौरा गणेश चतुर्थी के दौरान शहर के सार्वजनिक उत्सवों और रीति-रिवाजों में शामिल होने की उनकी पुरानी परंपरा का हिस्सा है। पंडाल के अंदर वीडियो में अभिनेता को मूर्ति के पैर छूते हुए देखा गया, जबकि गौरी, सुहाना और पूजा भी सम्मान जाहिर करने के लिए उनके ठीक पीछे थीं।

### प्रति डेनियल संग पहुंची सनी

सनी लियोनी अपने पति डेनियल वेबर के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं। इस दौरान दोनों ने बप्पा के सामने माथा टेका और आशीर्वाद लिया। सनी इस मौके पर ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं।

### हजारों श्रद्धालु आते हैं

*लालबागचा राजा मुंबई की सबसे मशहूर सार्वजनिक गणेश प्रतिमा है। इसे 1934 में मध्य मुंबई में स्थापित किया गया था। 'नवसाचा गणपति' (मनोकामना पूरी करने वाले गणेश) के रूप में मशहूर इस प्रतिमा के दर्शन के लिए 11 दिनों तक चलने वाले गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान लाखों भक्त आते हैं। इनमें मशहूर हस्तियां और वीआईपी भी शामिल हैं। ये लोग घंटों लंबी कतारों में खड़े होते हैं।*